

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 29 जून 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-092 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 30 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## मन की बात में पीएम ने की योग दिवस से लेकर आपातकाल तक का जिक्र

**नई दिल्ली,29 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 123वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ. इस रेडियो कार्यक्रम की शुरुआत में पीएम मोदी ने योग दिवस पर चर्चा की. पीएम ने कहा कि इंटरनेशनल योग दिवस लगातार भव्य होता जा रहा है. उन्होंने कहा कि आपको याद होगा कि 10 साल पहले इसका प्रारंभ हुआ. अब 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है. ये इस बात का भी संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं.'



### आपातकाल: लोकतंत्र का अंधकारमय काल

प्रधानमंत्री ने आपातकाल की 50वीं बरसी को 'संविधान हत्या दिवस' बताते हुए तीखे शब्दों में उस समय की आलोचना की। उन्होंने कहा, संविधान की हत्या की गई, न्यायपालिका को गुलाम बनाने की कोशिश हुई। MISA जैसे कानूनों में निर्दोषों को कैद किया गया। लेकिन भारत की जनता झुकी नहीं, टूटी नहीं। मोदी ने इसे जनता की जीत और तानाशाही की हार करार दिया।

### फुटबॉल से बदलाव की बयार

प्रधानमंत्री ने बोडोलैंड 'कैम कप' की चर्चा करते हुए कहा, ''यह केवल एक टूर्नामेंट नहीं बल्कि एकता और उम्मीद का उत्सव है। 3700 से ज्यादा टीमों और 70 हजार खिलाड़ियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि बोडोलैंड आज नई ऊर्जा के साथ खड़ा है। उन्होंने बेटियों की भागीदारी को भी बदलाव की गाथा का प्रतीक बताया।

### ट्रेकोमा से मिली आजादी, डब्लूएचओ ने की पुष्टि

**नई दिल्ली,29 जून।** प्रधानमंत्री ने कहा कि ट्रेकोमा नाम की यह बीमारी एक समय में आम हो गई थी, जो बैक्टीरिया से फैलती है और समय रहते इलाज न हो तो यह आंखों की रोशनी तक छीन सकती है। भारत ने ठाना कि इसे जड़ से मिटाया जाएगा और अब WHO ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया है।



### प्रधानमंत्री के विचारों ने बढ़ाया उत्साह : सीएम साय

रायपुर, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना और इसे प्रेरणादायी बताया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचारों, जन-भागीदारी और सकारात्मक प्रयासों की चर्चा करते हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित लोगों को पहचान और सम्मान मिलता है।

## संक्षेप

### कोई अधिकारी पैसे मांगे तो बताइए, एसीबी से रंगे हाथों करवाऊंगा गिरफ्तार: ओपी चौधरी

**रायपुर,29जून।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जीएसटी में भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि जीएसटी से जुड़ा कोई भी मामला हो. अधिकारी अपने लिए पैसा मांग रहा हो, तो आप मुझे किसी भी माध्यम से जानकारी देंगे, तो एसीबी से उसे मैं रंगेहाथ गिरफ्तार कराऊंगा. वित्त मंत्री ओपी चौधरी प्रियदर्शनी नगर स्थित कंधकोट भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' के 123वें प्रसारण को सुनने पहुंचे थे. इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता-कार्यकर्ता और आमजन मौजूद थे. वित्त मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अगर जीएसटी की 10, 20, 30 परसेंट भी GST की गलती हो तो विभाग आंख बंद करने को तैयार है, लेकिन अगर 10 से 20 लाख की चोरी हो तो उसकी गलती माफ नहीं होगी. कोई फर्जी बिल लगाकर अपना फायदा देखेगा तो उसे माफ नहीं किया जाएगा.

### छक्का मारने के बाद बल्लेबाज को आया दिल का दौरा, पिच में तोड़ा दम

**फिरोजपुर,29 जून।** पंजाब के फिरोजपुर जिले से एक दर्दनाक खबर सामने आई है, जिसने खेल जगत और स्थानीय समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। गुरुहर सहाए के डीएवी स्कूल मैदान में खेले जा रहे क्रिकेट मैच के दौरान एक युवा खिलाड़ी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरजीत सिंह के रूप में हुई है। रविवार को स्थानीय दो टीमों के बीच मैच चल रहा था। हरजीत सिंह शानदार बल्लेबाजी कर रहा था और उसने एक लंबा छक्का भी जड़ा। शॉट मारने के बाद वह पिच पर साथी खिलाड़ी के पास बैठकर बात करने लगा। उसी दौरान अचानक वह जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया। साथी खिलाड़ियों ने उसे तुरंत सीपीआर देने की कोशिश की, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद ग्राउंड में अफरा-तफरी मच गई। यह पूरी घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है।

## पुरी में गुंडिचा मंदिर के बाहर भगदड़, 3 लोगों की मौत



**पुरी,29 जून।** भगवान जगन्नाथ की प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान रविवार तड़के दुखद घटना घटी। सुबह लगभग 4:30 बजे, गुंडिचा मंदिर के सामने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ में भगदड़ मच गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, 50 से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला कलेक्टर के मुताबिक, घटना सुबह 4 बजे के लगभग उस समय हुई, जब सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर के पास एकत्र हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। छह की हालत गंभीर बताई गई है। भगदड़ में पत्नी को खोने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि जिस समय यह घटना हुई, किसी ने कोई मदद नहीं की। वहां पर प्रशासन के लोग नदारद थे जबकि मौके पर भारी भीड़ थी. स्थानीय व्यक्ति के मुताबिक व्यवस्था ठीक नहीं थी। VIP के लिए नया रास्ता बनाया गया है, लेकिन आम लोगों को दूर से ही बाहर निकलने को कहा जा रहा था।

## महुआ मोइत्रा ने अपने नेताओं की टिप्पणियों से किया किनारा

**कोलकाता,29 जून।** कोलकाता में हुए गैंगरेप मामले को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा ने अपनी ही पार्टी के नेताओं, कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा, द्वारा की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने इन टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया था। महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर लिखा कि भारत में महिलाओं के प्रति नफरत किसी एक पार्टी तक सीमित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि टीएमसी इन 'घृणित टिप्पणियों' की निंदा करती है, चाहे वह कोई भी करे। मोइत्रा ने टीएमसी के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से एक पोस्ट भी साझा की, जिसमें सांसद बनर्जी और विधायक मित्रा की टिप्पणियों की निंदा की गई थी। पार्टी ने स्पष्ट किया कि ये टिप्पणियाँ उनके व्यक्तिगत विचार थे और इनका पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। टीएमसी ने अपने बयान में कहा, 'ये विचार किसी भी तरह से पार्टी की राय नहीं दर्शाते हैं।' पार्टी ने यह भी दोहराया कि वह



महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर 'शून्य सहिष्णुता' रखती है। पोस्ट में इस अपराध में शामिल लोगों के लिए 'कड़ी से कड़ी सजा' की भी मांग की गई। आपको बता दें, कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को कस्बा इलाके में स्थित साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के परिसर के अंदर एक लॉ छात्रा के साथ हुए गैंगरेप के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों में से दो अभी भी इसी संस्थान में पढ़ रहे हैं, जबकि तीसरा और मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा कॉलेज का पूर्व छात्र है।

## उत्तरकाशी में बादल फटने से मची तबाही: नौ मजदूर लापता

**उत्तरकाशी,29 जून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शनिवार देर रात यमुनोत्री हाईवे पर सिलाई बैंड के पास बादल फटने से भारी तबाही हुई। घटना में एक निर्माणाधीन होटल पूरी तरह तबाह हो गया, जहां काम कर रहे कई मजदूर लापता हो गए हैं। अब तक दो शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि सात अन्य की तलाश जारी है। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। उत्तरकाशी के डीएम प्रशांत आर्य ने बताया कि अब तक 10 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और उन्हें उनके घर भेजा जा चुका है। लापता मजदूरों में पांच नेपाली, तीन देहरादून और एक उत्तर प्रदेश का बताया जा रहा है। एसआई विक्रम सिंह ने जानकारी दी कि दो मजदूरों के शव 18 किलोमीटर दूर यमुना नदी तट पर तिलाड़ी शहीद स्मारक के पास से मिले हैं। शवों की शिनाख्त के लिए साथी मजदूरों को बुलाया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से तत्काल राहत-बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

## पाकिस्तानी लड़के-लड़की की लाशें जैसलमेर बॉर्डर के पास मिलीं

**जैसलमेर,29 जून।** राजस्थान के जैसलमेर जिले से लगे भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के पास उस वक्त सनसनी फैल गई, जब रेतीले टीलों पर एक युवक और किशोरी के शव मिले. दोनों की पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के रूप में हुई. शुरुआती जांच में दोनों के प्रेमी युगल होने और भूख-प्यास से मौत की आशंका जताई जा रही है, लेकिन यह रहस्य बरकरार है कि वे भारत में कैसे पहुंचे और क्या उनकी मौत के पीछे कोई गहरी साजिश छुपी है.जानकारी के अनुसार, यह मामला जैसलमेर के पास भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट तनोट व साधेवाला क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा से 10 से 12 किमी अंदर भारतीय क्षेत्र की है. साधेवाला गांव के चरवाहों ने शनिवार की शाम रेतीले टीलों पर युवक और एक लड़की के शव देखे. दोनों के शव करीब चार पांच दिन पुराने लग रहे हैं. दोनों के पास पाकिस्तानी मोबाइल सिम व पाकिस्तान



आई कार्ड मिले हैं, जिससे दोनों के पाकिस्तानी नागरिक होने की पुष्टि हुई है. दोनों की उम्र 20 साल से कम बताई जा रही है.प्रथम दृष्टया दोनों के भूख प्यास से मौत की आशंका जताई जा रही है. यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों हिंदू प्रेमी प्रेमिका हैं और पाकिस्तान में हो रहे अत्याचारों से तंग आकर भारत आए होंगे. फिलहाल इस बात का खुलासा नहीं हो सका है कि दोनों यहां कैसे पहुंचे.

## मुंबई धमाके में शामिल आतंकी की मौत

**नई दिल्ली,29 जून।** आतंकवाद की दुनिया में सक्रिय रहने वाले, आतंकवाद के कई मामलों में दोषी और महाराष्ट्र आईएसआईएस मॉड्यूल के प्रमुख 57 वर्षीय साकिब नाचन की 29 जून, शनिवार को मौत हो गई। ब्रेन हैमरेज के कारण उसे सोमवार को तेहाड़ जेल से डीडीयू ले जाया गया। हालांकि उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद उसे बुधवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शनिवार को उसकी हालत बिगड़ती गई और दोपहर 12.10 बजे उसकी मौत हो गई। बता दें कि साकिब नाचन को साल 2002-03 मुंबई ब्लास्ट मामले में दोषी ठहराया गया था। इसके बाद से ही वो सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर था। साकिब पर आईएसआईएस (स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया) जैसे प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े होने और भारत में आईएसआईएस की आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ाने का भी आरोप था। जानकारी के अनुसार, साल 2023 में एनआईए ने पूरे भारत में आईएसआईएस के आतंकियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया था। इस दौरान नाचन को 15 अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया।

## कोलकाता गैंगरेप केस में एक्शन में एसआईटी

**कोलकाता,29 जून।** कोलकाता के लॉ कॉलेज गैंगरेप मामले में पुलिस की 9 सदस्यीय



एसआईटी की जांच तेज हो गई है. एसआईटी ने मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के कपड़े जब्त कर लिए हैं, जो उसने अपराध के दौरान पहने थे. दो अन्य आरोपियों के घरों से भी कपड़े जब्त किए जाने की तैयारी है. सभी कपड़ों को फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा जाएगा.दक्षिण कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से गैंगरेप की घटना के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस एक्शन मोड में है. विशेष जांच दल घटना से जुड़े हर पहलू को खंगाल रहा है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों के कपड़े, मोबाइल फोन, घटनास्थल से जुटाए गए सबूत और सीसीटीवी फुटेज को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है. पुलिस का कहना है कि बलात्कार जैसे मामलों में कई बार आरोपियों के कपड़ों पर सीमेन, बाल या खून के निशान पाए जाते हैं, जो फॉरेंसिक जांच में ही उजागर होते हैं और केस को साबित करने में अहम भूमिका निभाते हैं.



रायपुर .मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज ने सौजन्य भेंट की।मुख्यमंत्री श्री साय ने निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरि जी महाराज के साथ विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## रूस ने यूक्रेन के एफ-16 को मार गिराया

**मास्को,29 जून।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रविवार तड़के रूस ने यूक्रेन पर भीषण मिसाइल और ड्रोन से हमला कर दिया। इस हमले में यूक्रेन का एक F-16 लड़ाकू विमान नष्ट हो गया और पायलट की जान चली गई। यह जानकारी यूक्रेनी सेना ने दी है। आपको बता दें कि यह वही फाइटर जेट है जिसे अमेरिका से पाकिस्तान ने खरीदा है। यह घटना ऐसे समय पर हुई जब रूस ने पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य यूक्रेन में करीब 500 प्रकार के हवाई हथियारों से रातभर हमला बोला। उनमें ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल थीं। यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि पायलट ने सात हवाई लक्ष्यों को मार गिराया, लेकिन आखिरी को गिराते वक्त उसका विमान गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया और वह नीचे गिरने लगा। वायुसेना ने कहा, "पायलट ने सभी ऑनबोर्ड हथियारों का इस्तेमाल कर सात हवाई लक्ष्यों को गिराया। आखिरी लक्ष्य पर हमला करते समय उसका विमान क्षतिग्रस्त हुआ और तेजी से ऊंचाई खोने लगा।" पायलट ने आबादी वाले क्षेत्र से विमान को दूर ले जाने की कोशिश की लेकिन वह समय रहते इजेक्ट नहीं कर पाए और उनकी मृत्यु हो गई।

### तीसरी बार F-16 का नुकसान

यह रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान तीसरा मौका है जब यूक्रेन का F-16 विमान नष्ट हुआ है। गौरतलब है कि अमेरिका और सहयोगी देशों ने हाल ही में यूक्रेन को ये उन्नत फाइटर जेट्स प्रदान किए थे।



## मुनीर ने भारत के खिलाफ फिर उगला जहर

**करांची,29 जून।** पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। उसने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस करार दिया है। भारत को गीदड़भभकी देते हुए कहा है कि यदि भारत भविष्य में कोई हमला करता है तो पाकिस्तान उसका निर्णायक जवाब देगा। कराची स्थित पाकिस्तान नेवल एकेडमी में शनिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान एक क्षेत्रीय स्थिरता का वाहक है और उसने हर बार बिना उकसावे की भारतीय आक्रामकता का जवाब संयम और परिपक्वता के साथ दिया है। अपने भाषण में आसिम मुनीर ने एक बार फिर कश्मीर को पाकिस्तान की 'जुगुलर वेन' (गले की नस) बताया। उन्होंने कहा, "कश्मीर हमारी जुगुलर वेन है और यह हमेशा रहेगी। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे।" मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान, संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों और कश्मीरी जनता की आकांक्षाओं के



अनुरूप कश्मीर मुद्दे के न्यायपूर्ण समाधान के लिए आवाज उठाता रहेगा। आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाक प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा 26 पर्यटकों की नृशंस हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाते हुए सिंधु जल संधि पर रोक लगाने का ऐलान किया, ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, जिसमें पाकिस्तान के भीतर मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया।

## चीन ने अमेरिका को भेड़िया कहा

**नई दिल्ली,29 जून।** फिलीपींस में अमेरिका की मध्यम दूरी के टाइफॉन मिसाइल सिस्टम की तैनाती के बाद चीन को डर सताने लगा है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने फिलीपींस के अमेरिका के साथ सैन्य गठबंधन को लेकर धमकी दी और कहा कि वह भेड़ियों को घर में बुला रहा है। फिलीपींस में चीनी इलाकों तक हमला करने में सक्षम अमेरिकी मिसाइल की तैनाती पर चीन भड़क गया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, बीजिंग ने मनीला को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह 'घर में भेड़ियों को न्योता दे रहा है।'

## धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की चहलकदमी कैमरे में हुई कैद

**रायगढ़,29 जून।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में हाथियों का क्यूट विडियो कैमरे में कैद हुआ है। यहां के धरमजयगढ़ वन मंडल में नर हाथी शावक की पूंछ खींचता हुआ नजर आया। साथ ही जंगल में और भी हाथी मौज- मस्ती करते हुए दिखे। हाथियों का यह सुंदर दृश्य वन विभाग के ड्रोन कैमरे में कैद किया गया है। विडियो में देखा जा सकता है कि, इलाके में हाथियों का झुंड मौजूद है। जो जंगल में कभी मस्ती कर रहे हैं तो कभी नहाते हुए नजर आ रहे। दरअसल, धरमजयगढ़ वन मंडल में 102 हाथी 22 नर, 48 मादा और 32 शावक हाथियों की हुई पुष्टि। इन हाथियों पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। इसी बीच यह खुबसूरत विडियो ट्रैकर टीम ने ड्रोन कैमरे में कैद हुआ है। जिसमें हाथी गतिविधि करते



हुए नजर आ रहे हैं। वहीं इलाके के हाथी प्रभावित गांवों में सतर्कता भी बरती जा रही है। वन विभाग की टीम लगातार इलाके में हाथियों की निगरानी में लगा हुआ है। साथ ही ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की भी हिदायत दी जा रही है। एसडीओ धर्मजयगढ़ ने गांवों में मुनादी के जरिए अलर्ट किया जा रहा है।

एक नजर

## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख की धोखाधड़ी,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर महिला से 6 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को नंदिनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैरिपोर्ट पर नंदिनी थाने में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि ज्योति साहू निवासी मकान नंबर 37 वार्ड क्रमांक 01 अहिवारा ने थाना नंदिनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी जयकुमार वर्मा ने शासकीय विभाग में राज्य सहकारी मर्यादित अपेक्स बैंक में प्रबंधक के पद में भर्ती करने का आश्वासन देकर 6 लाख रुपए मांगा। प्रार्थिया ने 6 अगस्त 2023 को 1 लाख रुपए एवं 13 जनवरी 2024 को 4 लाख नगद तथा 5 जनवरी 2024 को 1 लाख रुपए बैंक के माध्यम से दिया गया। प्रार्थिया ने काम नहीं होने पर वापस पैसों की मांग की। इस पर आरोपी जय वर्मा ने 10 मई 2025 और 12 मई 2025 को दो लाख रुपए के दो चेक दिए थे वह चेक खाते में पैसा नहीं होने के कारण निरस्त हो गया आरोपी जय वर्मा ने नौकरी लगाने के नाम पर रकम लेकर प्रार्थिया के साथ धोखाधड़ी की। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी जय कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

## भिलाई गोलीकांड की बरसी पर छमुमो निकालेगा रैली

**भिलाई, 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई गोलीकांड की बरसी पर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा समन्वय समिति के नेतृत्व में भिलाई पावर हाउस में 1 जुलाई मंगलवार को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित है, जिसमें भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, दल्लीराजहरा, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, कवर्धा, पंडरिया, बालोद आदि जगहों के मजदूर-किसान व समर्थकगण सुबह 10 बजे छवनी के लाल मैदान में एकत्र होंगे। छमुमो के श्रमिक नेता भीमराव बागड़े एवं अध्यक्ष जनकलाल ठाकुर ने संयुक्त रूप से बताया कि दोपहर 12 बजे शहीद परिवारों के साथ गोलीकांड घटना स्थल भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर गोली कांड में मृत श्रमिकों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण के पश्चात पावर हाउस से रैली प्रारम्भ करेंगे जो छावनी चौक होकर एसीसी चौक पहुंचकर शहीद शंकर गुहा नियोगी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि व सभा करेंगे। जहाँ छमुमो के साथ ही उनके जन संगठनों के लोग सभा को सम्बोधित करेंगे।

# पुलिसकर्मियों के मेधावी बच्चों का सम्मान

### नीट, जेईई मेन्स, 10वीं, 12वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक व नेशनल खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों का एसएसपी ने किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 29 जून।** पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई नगर में पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के बच्चों द्वारा नीट, जेईई मेन्स, 10वीं, 12 वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक और नेशनल खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले मेघावी बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

आयोजन के दौरान दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा सभी बच्चों को मोमेंटों और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी बच्चे अधिक अंक और नेशनल खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त कर सफलता हासिल कर देश और अपने संस्था का नाम रोशन किया है और आने वाले समय में और अच्छा परफर्मेश कर आगे बढ़े।

उन्होंने कहा कि ये आपके जीवन की सफलता है, बच्चों का बहुत अच्छा परसेंटेंज पाना व कंम्पटेटीव परीक्षा में जाना बाकी सब से बहुत ही अलग होता है ये आपकी डेस्टिनेशन है, वो अलग है ये सिर्फ माईलस्टोन थी और आपके 10 वीं एवं 12वीं में जितना मेहनत किया है उससे और ज्यादा मेहनत करें।

उन्होंने सभी बच्चों के कार्यो की सराहना की यह बच्चे हुए सम्मानित इस दौरान दुर्ग उपुअ ममता अली शर्मा के बेटे आयान अली फुटबाल में 5वीं नेशनल लेबल क्लब चैंपियनशीप के लिए, छावनी उपुअ नवी मोनिका पाण्डेय के बेटे अभिनव पाण्डेय जेईई मेन्स 2025 उत्तीर्ण, विशेष शाखा भिलाई निरीक्षक कैलाशनाथ मिश्रा की बेटी विद्या मिश्रा 10वीं 96 प्रतिशत, रानीतराई उनि. पुरूषोत्तम कुरें- वेलिना कुरें जेईई मेन्स उत्तीर्ण, विशेष शाखा भिलाई सउनि प्रहलाद बंछोर- लिपिका बंछोर 10वीं 90 प्रतिशत, नपुअ कार्यालय छावनी प्र.आर. 1510 कौशल कुमार साहू- नेहा साहू सीबीएससी 10वीं 92.8 प्रतिशत, विशेष शाखा भिलाई प्र.आर. 457 हरीश कुरें-प्रवेश कुरें जेईई मेन्स उत्तीर्ण, कुम्हारी प्र.आर. 1441 रोशन बंछोर- देवांशी बंछोर सीबीएससी 10वीं 91.2 प्रतिशत, दुर्ग आर. 1694 ललित साहू- मोनिका साहू सीबीएससी 10वीं 95.2, यातायात आर. 406 जितेन्द्र मारकण्डे- पीयुष मारकण्डे जेईई मेन्स उत्तीर्ण प्रतिशत अंक लाने के लिए सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

जलाभिषेक



**कवर्धा, 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था का केंद्र पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मंत्रोच्चारण के साथ महादेव की आरती में सम्मिलित होकर प्रदेश एवं जिले के नागरिकों के लिए सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी,नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

## रथ यात्रा में उड़िया समाज 15 सालों से कर रहा महाप्रसाद वितरण

**भिलाई, 29 जून।** अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा हर साल भी सेल परिवार चौक सेक्टर 6 में भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा पर महाप्रसाद का वितरण प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान जगन्नाथ के तेल चित्र का पूजा अर्चना कर की गई। महासचिव टीके निहाल ने बताया कि शुक्रवार शाम 4 महाप्रसाद का वितरण शुरू हुआ जो देर रात तक चला है। महाप्रसाद में खिचड़ी, हलवा, मूंग का वितरण किया गया। बीते 15 से समाज द्वारा महाप्रसाद का वितरण लगातार करती आ रही है। महाप्रसाद का वितरण कर समाज ने भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष दीनबंधु तांडी, संरक्षक कृष्णा सोना, संजय सोनवानी, जिला दुर्ग अध्यक्ष शंकर निहाल,भिलाई अध्यक्ष पुरन नायक, जयंती महानंद,दयानिधि विभार, दीपक सोना, मनोज दीप, आशीष नंदा, किशोर मोगराज,ठाकुर निहाल, टेकचंद सेठिया, चेतन दीप, चिंतामणि,सुभाष जगत,धर्मेंद्र सिक्का, रतन तांडी, खिरधर बाघ,दिलीप तांडी, चितरु विभार, अर्जुन नायक, पदमा तांडी, इंद्रा विभार, तिलोत्तमा,आशा निहाल,कविता तांडी, तन्नू, हर्षा, धनंजय तांडी समेत सामाजिक सदस्यगण मौजूद थे।

# बारिश में भीगते अचानक महापौर पहुँचे खेल परिसर

### काम पूरा करने अधिकारियों को चेताया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई-3, 29 जून।** भिलाई-चरोदा निगम के महापौर निर्मल कोसरे शनिवार को सिरसा गेट के समीप नये निर्माणाधीन तरणताल (स्विमिंग पुल) और खेल परिसर का औचक निरीक्षण करने बारिश में भीगते अचानक पहुंचे । इस दौरान अधिकारियों ने महापौर के निर्माण स्थल पर पहुंचने की सूचना प्राप्त होने पर आनन-फानन में जानकारी सहित उक्त निर्माण स्थल पर पहुंच कार्य की प्रगति और अब तक किये गये निर्माण कार्य की जानकारी से मेयर को अवगत कराया। यहाँ यह बता दें कि पुराना तहसील कार्यालय भिलाई 03 सिरसा गेट चौक से सटे स्थान पर पूर्व स्वीकृत कार्य अनुसार एक नया तरणताल एवं खेल परिसर का निर्माण कार्य वर्तमान में चल रहा है। जिसकी पूर्णता न होने पर चरोदा महापौर के द्वारा गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई गयी है। साथ ही आगामी 15 जुलाई की हर स्थिति में कार्य पूर्ण करने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।



समाचार संक्षेप

# एकता वर्मा ने जीता फैशन फेस्टिवल रेड कार्पेट अवार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 29 जून।** शिवनाथ नदी के पास स्थित पृथ्वी पैलेस में पहली बार फैशन फेस्टिवल रेड कार्पेट का आयोजन किया गया। इसमें भिलाई की एकता वर्मा ने फर्स्ट रनरअप का खिताब जीता। इसका आयोजन एसएस फाउंडेशन भिलाई द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव थे बॉलीवुड एक्ट्रेस अमृता प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित थीं। आयोजकों के मुताबिक रेड कार्पेट फैशन की दुनिया में बहुत बड़ा अचीवर होता है। यह फैशन डिजाइनर के लिए बहुत बड़ा होता है। रेड कार्पेट सिर्फ फ्रांस में होता है जिसे अब छत्तीसगढ़ में ही रेड कार्पेट का कांसेप्ट पेश कर रहे है। उसमें बहुत सारे फैशन डिजाइनर, मेकअप, आर्टिस्ट उसके अलावा कॉन्टेस्ट में उनके जो होनहार बच्चे हैं उनके लिए फैशन शो एक अच्छा प्लेटफॉर्म है। कार्यक्रम में 55 बच्चों ने हिस्सा लिया। मिस मैसेज छत्तीसगढ़ के साथ डिजाइनर मेकअप आर्टिस्ट ने सजाया है। इसके लिए फ्लिनीस इंस्टिट्यूट अच्छा इंस्टिट्यूट है। उनका सपना है छत्तीसगढ़ को देश के खास स्थान फैशन के क्षेत्र में दिलाने की प्रेरणा स्वयं से मिली। मेहनत और कार्यों से अपने सपने को पूरा करने के लिए पिछले 5 वर्षों के कड़ी मेहनत के बाद यह पहला इवेंट करने किया गया

# हर जिले का एक बड़ा संस्थान हो सुरेंद्र दुबे के नाम, विधायक रिकेश की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 29 जून।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं संगठन महामंत्री पवन साय से छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख संस्थान और हर जिले में एक-एक बड़े संस्थान का नामकरण पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे के नाम करने की मांग की है।

विधायक रिकेश ने कहा कि अपने विलक्षण हास्य, तीक्ष्ण व्यंग्य और अनूठी रचनात्मकता के माध्यम से डॉ. सुरेंद्र ने न केवल देश-विदेश के मंचों को गौरवान्वित किया बल्कि छत्तीसगढ़ी भाषा को वैश्विक पहचान दिलाने में भी उनकी अहम् भूमिका रही है।

डॉ दुबे को काका हाथरसी हास्य रत्न पुरस्कार, पद्मश्री, पंडित सुंदरलाल शर्मा सम्मान, अट्टहास सम्मान, अमेरिका के वाशिंगटन में हास्य शिरोमणि सम्मान, देश के तीन विश्वविद्यालयों से पीएचडी की उपाधि सहित अनेक सम्मान मिले, उनके नहीं होने के बाद भी वो हम सबके हृदय और मन मस्तिष्क में अपनी अमर रचनाओं के माध्यम से सदैव अमर हैं।


# हिंसा से उबर कर अब बदलाव की राह पर बस्तर



"लाल आतंक के खात्मे के लिए नक्सलियों के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई जोर-शोर से जारी है, जिसका परिणाम है कि नक्सलियों की कमर अब टूट गई है। प्रदेश से जब तक नक्सली हिंसा और उग्रवाद का अंत नहीं हो जाता हम चुप नहीं बैठेंगे।"

-श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## तीन दशकों के आतंक और दहशत का खत्म हो रहा दौर, छत्तीसगढ़ में तेजी से सिमट रहा नक्सली हिंसा का दायरा

आदिवासी बाहुल्य आबादी, अनुपम नैसर्गिक सुंदरता और प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बस्तर में आज विकास का सबसे बड़ा अवरोधक है नक्सली हिंसा। पिछले 3 दशकों में नक्सलियों ने यहां अपने पैर पसारे। बंदूक के दम पर हिंसा के साथ विकास कार्यों में बाधा पहुंचाई। नक्सलियों ने अपने झूठे और खोखले सिद्धांतों के जरिए लंबे समय तक भोले- भाले आदिवासियों को भ्रम में डाला। हिंसा का सहारा लेकर उन्हें डराने की कोशिश की। बच्चों से उनके स्कूल छीने, उनका बचपन छीना, उन्हें हिंसा की राह पर धकेला। कई परिवारों को बर्बाद किया, सुहागनों के सिंदूर उजाड़े। बेटियों को अगवा किया और उन्हें भी हिंसा के रास्ते पर ले गए। इसी वजह से संसाधनों से परिपूर्ण बस्तर पर देश के सबसे पिछड़े इलाकों में एक होने का धब्बा लगा। लेकिन अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ विकास के इस अवरोध को पूरी तरह से समाप्त करने पर डटी हुई है। अब वह दिन दूर नहीं जब नक्सलवाद की काली छाया छत्तीसगढ़ से पूरी तरह मिट जाएगी। बस्तर में विकास का नया सवेरा अब होने ही वाला है। यहां नक्सलियों की कमर टूट चुकी है, अब बस इसका समूल खात्मा बाकी है, जिसकी डेड लाइन भी तय हो चुकी है। मजबूर आदिवासी ग्रामीणों पर हुए इन अत्याचारों का अब हिसाब होने वाला है। उन्हें अब न्याय मिलेगा। उन्हें अब अपना खुशहाल बस्तर मिलेगा, जो इन हिंसा वादियों के चंगुल से पूरी तरह मुक्त होगा और विकास के रास्ते पर पूरी गति से आगे बढ़ेगा। छत्तीसगढ़ में सिमटते हुए नक्सलवाद के अतीत पर अगर गौर करें तो यह बेहद दर्दनाक रहा है। नक्सली हिंसा की वजह से बस्तर के स्थानीय लोगों ने करीब तीन दशकों तक बहुत कुछ सहा है। बहुत सी ऐसी कड़वी यादें हैं जो कभी भी भुलाई नहीं जा सकतीं, और इन्हें जब भी याद करें तो नक्सलियों को परास्त करने का हौसला और भी मजबूत हो जाता है। पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान पूरे हौसले के साथ नक्सल मोर्चे पर डटे हैं और अब जल्द ही नक्सलियों का समूल अंत होगा।



### खुल रहे स्कूलों के द्वार

झूठे सिद्धांतों की दुहाई देने वाले नक्सली, बच्चों की शिक्षा के भी घोर विरोधी रहे हैं। उन्हें हमेशा यह डर रहा है कि यदि बस्तर की नई पीढ़ी पढ़ लिखकर जागरूक हो जाएगी, तो उनके बहकावे में नहीं आएगी। इसी भय के चलते नक्सली शिक्षा के मंदिरों पर हमले करते, उन्हें तोड़ते और बच्चों को स्कूल जाने से रोकते थे। विगत 20 वर्षों में नक्सलियों ने 200 से अधिक स्कूल भवनों को क्षतिग्रस्त किया। अब बस्तर संभाग में करीब साढ़े तीन सौ बंद पड़े स्कूलों को दोबारा शुरू किया गया है।

### नक्सल घटनाओं में हुई क्षति

| | (वर्ष 2003 से दिसंबर 2023 तक) | (दिसंबर 2023 से अब तक) |
|---|---|---|
| नक्सली और जवानों के बीच मुठभेड़ | 3,458 | 209 |
| शहीद जवानों की संख्या | 1,473 | 44 |
| नक्सल घटना में मारे गए सिविलियन | 1,941 | 89 |
| घायल सिविलियन की संख्या | 759 | 24 |
| आईईडी के कारण मारे गए लोगों की संख्या | 135 | 12 |
| आईईडी के कारण घायल लोगों की संख्या | 287 | 19 |
| आगजनी की घटना | 767 | 20 |
| सड़क निर्माण में लगे पोकलेन जलाए | 149 | |
| सड़क निर्माण मे लगे वाहन जलाए | 2,057 | 27 |
| पुल-पुलिया तोड़े | 220 | 8 |
| स्कूल, अस्पताल व अन्य शासकीय भवन तोड़े | 208 | |
| मोबाईल टावर उड़ाए | 34 | 11 |

### नक्सल मोर्चे पर मिली सफलता
(दिसंबर 2023 से अब तक)

| | |
|---|---|
| न्यूट्रलाइज किए गए नक्सली | 436 |
| गिरफ्तार | 1457 |
| आत्मसमर्पण | 1432 |
| जप्ती माइंस | 673 |
| जप्ती हथियार | 555 |
| स्थापित कैंप | 64 |

### बारूदी सुरंगें बिछाकर फैलाई तबाही

विकास के विरोधी रहे नक्सली नहीं चाहते कि बस्तर में किसी भी तरह का अधोसंरचना विकास हो, इसलिए वह विस्फोटकों का सहारा लेकर पुल- पुलिया, सड़कों और सड़क निर्माण में लगे वाहनों- मशीनरी को तबाह करते। इसके साथ ही बस्तर में जगह-जगह बारूदी सुरंगें बिछाकर मानवता को भी तबाह करने की कोशिश की। उनके बिछाए बारूदी सुरंगों की चपेट में आने से सुरक्षा बलों के जवानों सहित कई निर्दोष ग्रामीणों व बेजुबान मवेशियों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी। इन बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय कर नष्ट करना बड़े-बड़े चुनौती भी रही। इस प्रक्रम में बड़ी कुर्बानी भी हमारे पुलिस व सुरक्षा बलों के जवानों को देनी पड़ी है। वर्ष 2003 से अब तक आईईडी के चपेट में आने से कुल 147 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 306 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। वहीं अब तक कुल 4,173 लैंड माइंस रिकवर की गईं हैं।

सुशासन से समृद्धि की ओर...

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें

### बस्तर के इतिहास में लाल रंग में दर्ज हैं यह तारीखें

**28 फरवरी 2006 — दरभागुड़ा, जिला- सुकमा**
ग्राम दोरनापाल में आयोजित सलवा जुडूम जन जागरण अभियान से 4 ट्रकों में कोंटा के ग्रामीण अपने अपने गांव वापस हो रहे थे, कि एर्राबोर थाना क्षेत्र के ग्राम दरभागुड़ा के समीप नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट किया गया, जिसमें 28 ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में अन्य 27 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए थे। 3 ट्रकों को आग के हवाले कर दिया गया था।

**24 मार्च 2006 — संगम, जिला- सुकमा**
थाना पखांजूर क्षेत्र के ग्राम संगम में साप्ताहिक बाजार से ग्रामीण बाजार कर जीप से पखांजूर लौट रहे थे। इसी दौरान घोडागांव एवं संगम गांव के मध्य नक्सलियों द्वारा बम विस्फोट कर जीप को उड़ा दिया गया। इस घटना में 13 ग्रामीणों की मौत हो गई और 4 ग्रामीण घायल हुए थे।

**25 अप्रैल 2006 — मनीकोंटा, जिला- सुकमा**
थाना दोरनापाल के राहत शिविर में रह रहे ग्राम मनीकोंटा के 50-60 ग्रामीण सामान लेकर वापस आ रहे थे, कि नक्सली उन्हें अगुआ कर पकड़ ले गए। नक्सलियों ने इनमें से 15 ग्रामीणों की हत्या कर दी थी।

**16 जुलाई 2006 — एर्राबोर, जिला- सुकमा**
थाना एर्राबोर राहत शिविर कैंप में अज्ञात लगभग डेढ़ हजार नक्सली व संघम सदस्यों द्वारा गोलीबारी के साथ हमला कर दिया। नक्सलियों द्वारा 220 घरों को आग के हवाले कर दिया था, जिससे राहत शिविर में रह रहे 6 एसपीओ, 1 स्वास्थ्य कार्यकर्ता व 17 ग्रामीण मारे गए थे। इनके अलावा 47 अपहृत ग्रामीणों में से 6 की हत्या कर दी गई और 20 घायल ग्रामीणों में से 3 ने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**15 मार्च 2007 — रानीबोदली, जिला- बीजापुर**
नेशनल पार्क दलम के नक्सली कमाण्डर व करीब 500 अन्य नक्सलियों ने हथियार लूटने की नीयत से रानीबोदरी में सुरक्षा बलों के कैम्प पर सशस्त्र हमला किया। स्वचलित अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोली-बारी की गई, जिससे कैम्प तबाह हो गया और वहां तैनात छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 9वीं वाहिनी सी कम्पनी कैम्प के 55 जवान शहीद हो गए थे।

**16 मई 2010 — चिंगावरम, जिला- सुकमा**
सुकमा से जिला पुलिस बल एवं एसपीओ की संयुक्त पुलिस पार्टी गादीरास थाना क्षेत्र में भूसारास से मुकमा की ओर लौट रही थी। इसी दौरान चिंगावरम के पास नक्सलियों द्वारा उस बस को निशाना बनाया गया जिसमें पुलिस जवान सवार थे। घटना में 11 आरक्षक, 1 एसएसबी वेटनरी फिल्ड असिस्टेंट व 4 एसपीओ शहीद हो गए थे। इस घटना में 15 निर्दोष ग्रामीण भी मारे गए।

**6 अप्रैल 2010 — ताड़मेटला, जिला- सुकमा**
चिंतलनार में तैनात 62 वीं वाहिनी सीआरपीएफ के बी कंपनी द्वारा एरिया डॉमिनेशन व नक्सली गश्त सर्चिंग अभियान के दौरान ताड़मेटला पहाड़ी जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। फोर्स की सहायता हेतु चित्तलनार कैम्प से अन्य पार्टी रवाना हुई थी, कि रास्ते में ही नक्सलियों द्वारा फायरिंग शुरू कर दी और बुलेट प्रुफ वाहन को विस्फोट कर क्षतिगस्त कर दिया। उक्त घटना में सीआरपीएफ के 75 जवान व जिला पुलिस बल के 1 प्रधान आरक्षक शहीद हुए थे।

**29 जून 2010 — राकस नाला, जिला- नारायणपुर**
कैम्प थौड़ाई से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की पार्टी रोड ओपनिंग हेतु ग्राम झारा की ओर से वापस आ रही थी। इसी समय राकस नाला के पास पूर्व से घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने हथियार लूटने की नियत से अंधाधुन्ध फायरिंग की। पुलिस पार्टी द्वारा भी तत्काल पोजिशन लेते हुए फायर का जवाब दिया गया। इस घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 27 जवान शहीद हो गए थे।

**9 जुलाई 2007 — रेगड़गट्टा, जिला- सुकमा**
थाना एर्राबोर से जिला बल, सीआरपीएफ एवं एसपीओ के साथ दो पार्टी नक्सली गश्त- सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी कि, एरांचोर से लगभग 12-15 किलोमीटर दूरी पर उत्पलमेटा पहाड़ी के पास नक्सली व पुलिस पार्टी के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान जिला बल के 2 जवान, 6 एसपीओ व सीआरपीएफ के 15 कुल 23 जवान शहीद हुए और 2 सीआरपीएफ जवान व 5 एसपीओ घायल हुए।

**24 अप्रैल 2017 — चिंतागुफा, जिला- सुकमा**
बुरकापाल कैम्प से सीआरपीएफ के 71 जवान और जिला बल का 1 जवान संयुक्त बल रोड निर्माण पार्टी की सुरक्षा हेतु चिंतागुफा की ओर रवाना हुए थे। इसी बीच करीब 200-250 हथियार बंद नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई, लेकिन दुर्भाग्यवश घटना में सीआरपीएफ 74 वाहिनी के 25 जवान शहीद हो गए। इस घटना में नक्सली बड़ी तादाद में सुरक्षा बलों के हथियार भी लूट कर ले गए थे।

संवाद-44369/106

# छत्तीसगढ़ में उद्योग-धंधों के लिए बन रहा अनुकूल माहौल : मुख्यमंत्री

रायपुर, 29 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के फलस्वरूप कृषि के साथ-साथ उद्योग-धंधों के लिए भी एससी-एसटी सहित सभी वर्गों के लिए अनुकूल वातावरण पूरे प्रदेश में बना हुआ है। यही वजह है कि अब तक प्रदेश में लगभग साढ़े पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर में आयोजित डॉ. आंबेडकर बिजनेस कॉन्क्लेव एवं एक्सिलेंस अवॉर्ड्स समारोह में कही। उन्होंने दलित चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव को नव उद्यमियों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया एवं छत्तीसगढ़ में आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान श्री साय ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के नव उद्यमियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। कॉन्क्लेव में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लगभग 800 से अधिक नव उद्यमियों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने यहां नई औद्योगिक नीति को अपनाया है, जिसे बहुत परिश्रम से हमारी सरकार ने तैयार कर प्रदेश में उद्योग के क्षेत्र में नई संभावनाओं को पंख देने का कार्य किया है। इसके तहत देश के बड़े मेट्रो शहरों में इंडस्ट्रियल समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत इतने कम समय में ही 5.50 लाख करोड़ रुपये का निवेश विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त हुआ है। अकेले पावर सेक्टर में ही 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है। हमारी औद्योगिक नीति का ही परिणाम है कि आज रायपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा सेंटर सहित सेमीकंडक्टर निर्माण इकाइयों की स्थापना हो रही है।श्री साय ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज के लोगों को उद्यमिता के क्षेत्र में बढ़ावा देने से ही देश विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर होगा। हमें आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करना है, जिसके लिए हमें उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ना ही होगा। इस अवसर पर दलित चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के फाउंडर चेयरमैन पद्मश्री डॉ. मिलिंद कांबले ने वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 360 डिग्री अप्रोच वाली योजना की आवश्यकता बताई, जिससे उद्यमिता के क्षेत्र में बढ़ रहे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को उद्योग से संबंधित उच्चस्तरीय प्रबंधन, टेक्नोलॉजी, वित्तीय प्रबंधन, सब्सिडी, मार्केट लिंकेज तथा मार्केटिंग जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषयों की त्वरित जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान उन्होंने डिक्की के उद्देश्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम में डिक्की के नेशनल प्रेसिडेंट श्री रवि कुमार नर्रा ने कार्यक्रम की भूमिका संबंधी जानकारी प्रस्तुत की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, डिक्की पश्चिमी क्षेत्र प्रमुख श्री संतोष कांबले, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री संजीव डांगी, स्टेट प्रेसिडेंट श्री अभिनव सत्यवंशी सहित बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उद्यमी उपस्थित थे।







# विकास के हर मोर्चे पर 'मोदी की गारंटी' को पूरा कर रहा छत्तीसगढ़ : विष्णु देव साय

जशपुर,29 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के तपकरा में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी कार्यालय का शुभारंभ किया। विदित हो कि 14 जनवरी को जशपुर जिले के प्रवास पर मुख्यमंत्री ने तपकरा को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की थी। तहसील बनने से इसका लाभ 33 ग्रामों के किसानों, छात्रों और नागरिकों को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने तपकरा को नगर पंचायत बनाने, तपकरा स्थित खेल स्टेडियम के सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत करने और फरसाबहार में विश्राम गृह निर्माण करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार विकास के हर मोर्चे पर मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए। महिलाओं को सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय में वृद्धि के लिए तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए किया गया है। गांव में ही बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जा रहे हैं।आगामी पंचायत दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में इसे शुरू करने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों के तहत नवाचारों का बेहतर उपयोग कर पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक केंद्रित बनाया गया है। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बताया कि यहां तहसील कार्यालय खुलने से किसानों, भूस्वामियों, छात्रों और नागरिकों को विशेष सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि एसडीएम फरसाबहार का लिंक कोर्ट भी आगामी सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा।विधायक श्रीमती गोमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, श्री भरत साय, श्री रोहित साय, आईजी श्री दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह, तपकरा सरपंच श्रीमती सविता जायसवाल सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भागीदारी जरूरी: बघेल

बेमेतरा, 29 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम बदनारा में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शिक्षा की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं और अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री बघेल ने बच्चों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए और मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। गुलाल और तिलक से बच्चों का पारंपरिक रूप से स्वागत कर शिक्षा की इस नई यात्रा की शुरुआत को उत्सव में बदला गया। उन्होंने विद्यालय में निर्मित एक अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भी किया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। विद्यालय एक ऐसा मंदिर है जहाँ से बच्चों का संपूर्ण विकास आरंभ होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति जैसी योजनाएँ इसी दिशा में मजबूत कड़ी हैं। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह बच्चों के सोचने-समझने और व्यवहार में बदलाव लाने वाली होनी



चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा, "हमारा प्रयास होना चाहिए कि गांव का हर बच्चा स्कूल आए, शिक्षा पाए और आत्मनिर्भर बने। उन्होंने अभिभावकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय रुचि लें।



# विष्णु देव साय ने संपर्क स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम का किया शुभारंभ

जशपुर, 29 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिले के कांसाबेल विकासखंड के बगिया हाई स्कूल में सम्पर्क स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जशपुर के 50 प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए सम्पर्क स्मार्ट किट और टीवी का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, कांसाबेल जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला साय, श्री भरत सिंह, श्री उपेंद्र यादव, आईजी श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, एसएसपी श्री शशि मोहन सिंह, सम्पर्क फाउंडेशन के नेशनल मैनेजर श्री प्रदीप राणा, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रशांत कुशवाहा, जनप्रतिनिधिगण, स्कूली बच्चे और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम बगिया में नवाचार के तहत सम्पर्क स्मार्ट स्कूल की शुरुआत की गई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में बचपन के दिनों को याद करते हुए इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि उनके गृह ग्राम बगिया में नवाचार के तहत सम्पर्क स्मार्ट स्कूल प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा पहली से पांचवीं कक्षा तक बगिया प्राथमिक स्कूल में प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व बगिया स्कूल खपरैल का होता था, जिसमें बरसात के दिनों में पानी टपकता था और पानी टपकने के कारण जगह बदलनी पड़ती थी। लेकिन आज 50 वर्षों बाद बगिया स्कूल का संपूर्ण कायाकल्प हो गया है और वर्तमान में यहाँ हाई स्कूल संचालित हो रहा है।उन्होंने कहा कि पहले जमाने में प्राथमिक स्कूल के बाद हाई स्कूल की पढ़ाई के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी लेकिन वर्तमान में छत्तीसगढ़ में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज और राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा की सुविधाएं सुलभ हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र मूलमंत्र है जिससे व्यक्ति का समग्र विकास संभव है। शिक्षक हमारे राष्ट्र के निर्माता होते हैं, जो हमें अच्छा डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, वैज्ञानिक और प्रोफेसर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सम्पर्क फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष श्री विनीत नायर एचसीएल टेक्नोलॉजिस के सीईओ रहे हैं। उन्होंने अपनी माता, जो सरकारी स्कूल में शिक्षिका थीं, से प्रेरणा लेकर सम्पर्क कार्यक्रम की शुरुआत की। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में बच्चों के सीखने-सिखाने में बहुमूल्य योगदान दे रहा है। सम्पर्क फाउंडेशन खेल-खेल में शिक्षा को सरल बनाने के लिए सम्पर्क टीवी डिवाइस एवं गणित व अंग्रेज़ी किट प्रदान कर रहा है, जिनका वितरण आज हमारे जिले के 50 विद्यालयों में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने मुझे पूरी उम्मीद है कि विद्यालयों में इन किटों का भरपूर उपयोग किया जाएगा। इससे न केवल बच्चों की झिझक दूर होगी बल्कि सीखने-सिखाने की प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी। अतः सभी प्रधान पाठक इन संसाधनों के उपयोग की पद्धति को भली-भांति समझें और बच्चों को आगे बढ़ने के अवसर दें। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जशपुर जिले के 15 विद्यार्थियों ने 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में टॉप 10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर संपूर्ण राज्य में जिले का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 10वीं के 94 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं के 94 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जिससे जशपुर राज्य का सर्वाधिक उत्तीर्णता प्रतिशत वाला जिला बना है। उच्च शिक्षा के साथ-साथ प्राथमिक स्तर पर भी जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 5वीं में 99.5 प्रतिशत एवं कक्षा 8वीं में 97.3 प्रतिशत परिणाम दर्ज कर जिले ने राज्य स्तर पर विशेष छाप छोड़ी है।जिले में शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशन में विभाग द्वारा जिला स्तर पर सभी प्रधान पाठकों एवं प्राचार्यों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# रासायनिक खादों की कालाबाजारी सहन नहीं: केदार

- उपलब्धता के हिसाब से किसानों को मांग के अनुरूप मिले रासायनिक खाद
- अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डीएपी की कमी को देखते हुए किसानों को वैकल्पिक खाद के लिए करें जागरूक



रायपुर, 29 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डीएपी खाद की कमी को देखते हुए प्रदेश में डीएपी खाद की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पा रही है तो डीएपी के वैकल्पिक खादों के प्रति किसानों को जागरूक करें और जो वैकल्पिक खाद उपलब्ध है किसानों को दिया जाए। उन्होंने बैठक में कहा कि किसानों को सहुलियतें प्रदान करना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। मंत्री श्री केदार कश्यप अपने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सहकारिता और उर्वरक कंपनियों के अधिकारियों की बैठक में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित बनाए रखने के संबंध में समीक्षा कर रहे थे। सहकारिता मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि रासायनिक खाद की कालाबाजारी बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसे गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों व केन्द्र संचालकों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में 2058 सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का भण्डारण हो और किसानों की मांग के अनुरूप खाद मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नैनो यूरिया, नैनी डीएपी के छिड़काव के प्रति भी किसानों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डीएपी खाद की आपूर्ति के संबंध में कंपनी के प्रतिनिधियों से समन्वय कर खाद सप्लाई के लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में डीएपी खाद सप्लाई की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025 के लिए किसानों के मांग के अनुरूप विभाग 10.73 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का लक्ष्य निर्धारित किया है। लक्ष्य के विरूद्ध 5.85 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण किया जा चुका है तथा किसानों को 4.37 लाख मीट्रिक टन खाद वितरित किए जा चुके हैं।

वर्तमान में समितियों में 1.18 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। अधिकारियों ने बताया कि डीएपी का लक्ष्य 78 हजार 331 मीट्रिक टन है। इसके विरूद्ध अब तक 75 हजार 428 मीट्रिक टन डीएपी का भण्डारण किया जाकर किसानों को 61 हजार 137 मीट्रिक टन खाद वितरण किया जा चुका है। समितियों में 14 हजार 291 मीट्रिक टन डीएपी खाद शेष है। डीएपी खाद की कमी के कारण एनपीके का लक्ष्य बढ़कर 3 लाख 16 हजार मीट्रिक टन हो गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 93 हजार 467 मीट्रिक टन एनपीके का भण्डारण किया जाकर किसानों को 74 हजार 545 मीट्रिक टन एनपीके खाद का वितरण किया जा चुका है। समितियों में 18 हजार 922 मीट्रिक टन एनपीके शेष है। ज्यादा से ज्यादा एनपीके के सप्लाई के लिए कंपनियों के साथ निरंतर समन्वय किया जा रहा है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन 2025 के लिए मांग के अनुरूप यूरिया का लक्ष्य 4.54 लाख मीट्रिक टन है। लक्ष्य के विरूद्ध 2.88 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण कर 1.91 लाख मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किसानों को किया जा चुका है, इसी प्रकार एमओपी का लक्ष्य 46 हजार 360 मीट्रिक टन है। लक्ष्य के विरूद्ध 55 हजार 611 मीट्रिक टन एमओपी का भण्डारण कर किसानों को 29 हजार 851 मीट्रिक टन एमओपी का वितरण किया जा चुका है।

# देश पर थोपा गया आपातकाल कांग्रेस के कुकृत्यों की निशानी : बृजमोहन

रायपुर,29 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

भाजपा रायपुर जिला द्वारा शनिवार को जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी एवं लोकतंत्र के प्रहरियों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम भारत माता और महापुरुषों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वन्दे मातरम् गान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रमुख सच्चिदानंद उपासने के रूप में शामिल हुए. मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उस दौर की याद दिलाता है जब 1975 में देश की लोकतांत्रिक आत्मा को कुचलने की साजिश रची गई थी। जनता की आवाज़ दबा दी गई, संविधान को ताक पर रखकर सत्ता ने तानाशाही का रूप ले लिया। प्रेस की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकार और न्यायपालिका की गरिमा - सब कुछ खतरे में पड़ गया था। लेकिन यह देश झुका नहीं। लोकतंत्र के रक्षकों ने संघर्ष किया, जेलें भरीं, और अंततः जनशक्ति ने सत्ता के अहंकार



को पराजित किया। मुख्य वक्ता सच्चिदानंद उपासने ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को लोकतंत्र पर काला धब्बा बताते हुए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नागरिक अधिकारों का हनन कर लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला 1975 में कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल को देश पर थोपा गया। उन्होंने इसे कुशासन करार दिया और कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा था। जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार डॉ. मुखर्जी को कांग्रेस सरकार ने नजरबंद किया और यातनाएं दीं। उन्होंने कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में लोकतंत्र सेनानियों का शाल श्रीफल मोमेंटो के साथ सम्मान किया गया । कार्यक्रम में मुख्यरूप से विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, महापौर मिनल चौबे,नंदन जैन, किशोर महानंद, श्रीचंद सुंदरानी,अमरजीत छाबड़ा,वर्णिका शर्मा,

**मंच का संचालन भाजपा जिला महामंत्री सत्यम दुआ ने एवं आभार ललित जयसिंग ने किया** -संगोष्ठी में जयंती भाई पटेल, अशोक पांडे, चन्नी वर्मा, अकबर अली,आशु चंद्रवंशी, गोपी साहू, हरीश ठाकुर, राजीव मिश्रा, संजय तिवारी, सुभाष अग्रवाल, राजू मिश्रा, जितेंद्र गोलछा, अनिल बाघ, संजय तिवारी, अभिषेक तिवारी चैतन्य टावरी, भोला साहू, विनय जैन, भागीरथी यादव, उपस्थित रहे.

## शिव गंगवानी जीएसटी के छापों से तंग आकर चेंबर अध्यक्ष से मुलाकात की

**रायपुर,29जून।** छत्तीसगढ़ फुटवियर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिव गंगवानी ने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष से मुलाकात की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य माल और सेवा कर (जीएसटी) के लगातार होते छापों पर चिंता व्यक्त की एवं छोटे छोटे दुकानदारों से जबरदस्ती रकम जमा करवाने का दबाव बना रहे हैं।जिस पर व्यापारियों ने बड़ा रोष व्यक्त किया है एवं प्रदेश बंद का आवाहन चेंबर से किया है। चेंबर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने फुटवियर व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि चेंबर उनकी इन चिंताओं को उचित मंचों पर उठाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारिक समुदाय के सामने आ रही इन समस्याओं का समाधान सरकार के साथ मिलकर निकालने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।





# ब्रेकअप से बुरी तरह टूटा दिल फिर भी एक्स पार्टनर के अच्छे दोस्त हैं ये सितारे

**मुंबई, 29 जून।** बॉलीवुड में अनोखी प्रेम कहानियों की भरमार है. प्रेम है और दूरियां भी हैं. कई स्टार्स ऐसे हैं जो लंबे वक्त तक एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में रहे लेकिन फिर ब्रेकअप हो गया. खास बात ये कि ये स्टार्स ब्रेकअप के बाद भी एक दूसरे के अच्छे दोस्त बने रहे. आज आपको ऐसे ही कुछ स्टार एक्टर्स की रिलेशनशिप स्टोरीज और दोस्ती के किस्से बताएंगे.

1. **रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण** - दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर ने एक दौर में लंबे वक्त तक एक दूसरे को डेट किया. फैन्स को उम्मीद थी कि ये दोनों जल्द शादी करेंगे लेकिन अचानक दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म करते हुए ब्रेकअप कर लिया. हालांकि अब दोनों की शादी हो चुकी है लेकिन फिर भी दोनों एक दूसरे के अच्छे दोस्त हैं. ब्रेकअप से बुरी तरह टूटा दिल, फिर भी एक्स पार्टनर के अच्छे दोस्त हैं ये सितारे, देखिए लिस्ट

2. **मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर** - मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने लंबे वक्त तक एक दूसरे को डेट किया और फैन्स को दोनों की रियल लाइफ जोड़ी भी काफी पसंद थी. हालांकि साल 2024 में दोनों का ब्रेकअप हो गया लेकिन ब्रेकअप के बाद भी दोनों अच्छे दोस्त हैं. ब्रेकअप से बुरी तरह टूटा दिल, फिर भी एक्स पार्टनर के अच्छे दोस्त हैं ये सितारे, देखिए लिस्ट









3. **करीना कपूर और शाहिद कपूर** - करीना और शाहिद एक वक्त में एक दूसरे के बेहद करीब थे. करीना और शाहिद की जोड़ी फैन्स के बीच अच्छी खासी पॉपुलर थी लेकिन अचानक दोनों के बीच ब्रेकअप हो गया. अब ब्रेकअप के कई साल बाद दोनों दोस्त बन चुके हैं. ब्रेकअप से बुरी तरह टूटा दिल, फिर भी एक्स पार्टनर के अच्छे दोस्त हैं ये सितारे, देखिए लिस्ट

4. **सलमान खान और संगीता बिजलानी** - सलमान खान और संगीता बिजलानी काफी लंबे वक्त तक रिलेशनशिप में रहे हैं. दोनों ने एक दूसरे से शादी की तैयारी भी कर ली थी. लेकिन बाद में दोनों के बीच ब्रेकअप हो गया. लेकिन खास बात ये कि दोनों आज भी एक दूसरे के अच्छे दोस्त हैं. कई बार दोनों को पार्टीज में एकसाथ स्पॉट किया जा चुका है.







# पत्नी के साथ वेकेशन मनाने निकले सूर्या

## आईलैंड पर कर रहे एंजॉय



मुंबई। साउथ स्टार सूर्या अपनी फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। अक्सर उन्हें अपनी पत्नी ज्योतिका के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंट करते देखा जाता है। अब एक्टर एक्टिंग से टाइम निकालकर पत्नी के साथ वेकेशन मनाने निकले हैं। सूर्या पत्नी ज्योतिका के साथ से ईस्ट अफ्रीका के आईलैंड सेशेल्स घूमने निकले हैं। अब इसकी कुछ फोटोज और वीडियोज सामने आए हैं। जिनमें से कुछ खुद ज्योतिका ने शेयर किए हैं।

### ज्योतिका ने शेयर किया खूबसूरत वीडियो

ज्योतिका ने अपने इंस्टाग्राम पर वेकेशन का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ज्योतिका और सूर्या सेशेल्स में एंजॉय करते दिख रहे हैं। दोनों बीच पर घूमने के साथ-साथ आईलैंड को एक्सप्लोर कर रहे हैं और अलग-अलग राइड्स का मजा ले रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए ज्योतिका ने सेशेल्स को स्वर्ग सा बताते हुए कैप्शन में लिखा है, 'तुम्हारे और मेरे लिए इस स्वर्ग में एक और खूबसूरत दिन।' इसके साथ ही उन्होंने सेशेल्स में शानदार यादों के लिए और खूबसूरत अरेंजमेंट के लिए लोगों का शुक्रिया भी अदा किया है।

### बीच पर कपल गोल्स देते दिखे एक्टर

इसके अलावा दोनों के वेकेशन की कुछ फोटोज भी सोशल मीडिया पर वायरल हैं। जिनमें कपल सेशेल्स में छुट्टियों का मजा लेते नजर आ रहे हैं। इन फोटोज में सूर्या और ज्योतिका के बीच पर कपल गोल देते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में दोनों काफी खुश दिख रहे हैं। वेकेशन के दौरान की ज्योतिका की कुछ सिंगल फोटोज भी वायरल हैं, जिनमें वो अलग-अलग ड्रेसेज में पोज देती नजर आ रही हैं।



# पतली और बीमार कहने पर भड़की सामंथा रूथ प्रभु



## वर्कआउट का वीडियो शेयर कर ट्रोलर्स को लगाई लताड़

साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस सामंथा रूथ प्रभु पिछले काफी दिनों से अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं. दरअसल एक्ट्रेस का ट्रांसफोर्मेशन यूजर्स को बिल्कुल रास नहीं आ रहा और उन्हें 'पतली' और 'बीमार' कहते हुए भी दिखाई दिए. इसपर अब सामंथा ने अपना एक वीडियो शेयर किया और हेटर्स की जमकर क्लास लगाई. वीडियो में एक्ट्रेस जबरदस्त वर्कआउट करती हुई नजर आ रही हैं.

### दिया हेटर्स को जबाव

सामंथा रूथ प्रभु ने बीते दिन अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी एक वीडियो शेयर किया. इस वीडियो में एक्ट्रेस पुलअप करती हुई नजर आई. वीडियो शेयर कर उन्होंने, %यही बात है. आप मुझे दुबली, बीमार या ऐसा कुछ भी नहीं कह सकते जब तक कि आप 3 पुलअप पहले मुझे करके ना दिखा दें.' सामंथा का ये वीडियो अब तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है. जिसमें फैंस उनकी जमकर तारीफ करते दिखे.

### तलाक की वजह से भी बटोरी थी सुर्खियां

बता दें कि सामंथा ने साउथ एक्टर नागा चैतन्य से लव मैरिज की थी. लेकिन शादी के चार साल बाद ही दोनों के रिश्ते में दरार आ गई और फिर ये कपल तलाक लेकर अलग हो गया. इन दिनों एक्ट्रेस डायरेक्टर राज निदिमोरू संग अफेयर को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. हालांकि अभी इसपरए एक्ट्रेस ने खुद कोई रिएक्शन नहीं दिया है.

### इस फिल्म में नजर आएंगी एक्ट्रेस

वर्कफ्रंट की बात करें तो सामंथा आखिरी बार प्राइम वीडियो की वेब सीरीज %सिटाडेल~ हनी बनी% में काम किया था. अब एक्ट्रेस बहुत जल्द %मां इंति बंगाराम% दिखाई देने वाली हैं. इसे फिल्म को वो खुद प्रोड्यूस भी कर रही हैं. इसके अलावा एक्ट्रेस के पास %रक्त ब्रह्मांड~ द ब्लडी किंगडम भी है. एक्ट्रेस को पर्दे पर देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटिड हैं.

## समाचार संक्षेप



शनाया कपूर ने ऑफ-शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस में ढाया कहर, इंस्टाग्राम पर शेयर की स्टनिंग तस्वीरें।

# बारिश में पैदल चलने वालों पर महवश को आया तरस, कार वालों पर भड़की और बोली-सड़क तुम्हारे पापा ने...



**मुंबई, 29 जून।** सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और मॉडल आरजे महवश इंटरनेट पर अक्सर चर्चा का विषय बनी रहती हैं। उन्हें क्रिकेटर युजवेंद्र चहल को लेकर भी प्रतिक्रियाएं देते देखा जाता है। इसी वजह से नेटिंजस उन्हें चहल की रूमर्ड गर्लफ्रेंड की संज्ञा देते हैं। हाल ही में महवश ने एक पोस्ट किया है, जिसमें में वो बारिश के मौसम में साइकिल और पैदल चलने वालों लोगों को लेकर चिंता जताती दिख रही हैं। आइए जानते हैं महवश ने क्या कहा।

### गाने पर झूमती दिखी महवश

आरजे महवश ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई है। इसमें महवश अपनी कार में बैठी दिखाई दे रही हैं और 'केसरिया तेरा इश्क' गाने पर झूमती हुईं दिख रही हैं। इस वीडियो में मॉडल एक मल्टी कलर की टॉप पहने दिख रही हैं और उसके ऊपर यलो कलर का कोट पहन रखा है, जो उनके लुक चार चांद लगा रहा है।

### कार चालकों को किया आगाह

इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'यार बारिश में जब गाड़ी चलाया करो, तो साइकिल-बाइक और पैदल चलने वालों को हॉर्न मत मारा करो। खुद तो तुम कार में हो पर वो लोग बारिश में भीगते बाइक-साइकिल पे जा रहे हैं, थोड़ा ख्याल किया करो। सड़क तुम्हारे पापा ने नहीं बनाई है। दो मिनट देरी से एक दिन पहुंचोगे, तो कुछ हो नहीं जाएगा।'



# शेफाली को याद कर भावुक हुई आरती सिंह, बोली- 'मैं यह नहीं कहूंगी तुम स्वर्ग चली गई'

**मुंबई, 29 जून।** शेफाली जरीवाला के निधन ने उनके हर करीबी को तोड़कर रख दिया है। उनके माता-पिता से लेकर उनके दोस्तों तक हर किसी के लिए शेफाली का अचानक जाना खल गया। अब शेफाली की करीबी दोस्त और टीवी एक्ट्रेस आरती सिंह ने शेफाली के लिए एक भावुक नोट लिखा है। साथ ही उन्होंने एक्ट्रेस के माता-पिता के लिए भी दुख जताते हुए उनके लिए संवेदनाएं प्रकट की हैं।

### एक हफ्ते पहले जिम में शेफाली से मिली थीं आरती

आरती ने अपने इंस्टाग्राम पर शेफाली के साथ कई पुरानी फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए शेफाली ने एक लंबा नोट लिखा है। आरती ने अपने नोट में लिखा, 'बस यकीन नहीं हो रहा है। जब तक मैंने तुम्हें कल नहीं देखा, मुझे यकीन नहीं हो रहा था। हम एक हफ्ते पहले ही जिम में मिले थे, और तुमने कहा था, आरती तेरे लिए बहुत खुशी होती है। तू खुश है न? साथ में कार्डियो करेंगे। हमने एक हफ्ते पहले ही योजना बनाई थी। जब भी कोई मुझसे पूछता था, आज किस किस से भी बात करते हो, दोस्ती है? तो मैं हमेशा कहती थी शेफू। मैंने कभी अपने बुरे सपनों में भी नहीं सोचा था कि तुम चली जाओगी।'

### एक-दूसरे के काफी करीब थे शेफाली और आरती

आरती ने अपने नोट में आगे लिखा, 'तुम एक फनी, बहुत खुशमिजाज इंसान थीं। तुमने हमेशा मुझे प्यार और आशीर्वाद दिया। तुमने कभी किसी के बारे में गपशप या बात नहीं की। दिल से साफ। क्यों, भगवान? तुमने ऐसा क्यों किया? मैं तुमसे प्यार करती हूं और हमेशा प्यार करती रहूंगी। जब तुम वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर बिग बॉस 13 के घर में आई थीं तो मैं तुमसे नजरें नहीं हटा पाई थी। कैसे दीपक चौहान से शादी से पहले तुम मुझे हर दिन बहन की तरह बुलाती थीं। मुझे पता है कि तुम और पराग मेरे लिए कितने खुश थे। जैसे कि तुम्हारी अपनी बहन की शादी हो रही हो।'





### 'अंकल आंटी के लिए मेरी संवेदनाएं हैं'

आगे शेफाली के माता-पिता के लिए संवेदनाएं प्रकट करते हुए आरती ने लिखा, 'अंकल और आंटी के लिए मेरी संवेदनाएं हैं। उन्हें इस तरह देखकर मेरी आत्मा टूट गई। पराग भैया ने आपको एक बच्चे की तरह लाड़-प्यार किया- मैंने यह अपनी आंखों से देखा। हम रोएंगे, हम शोक मनाएंगे और हम आगे बढ़ जाएंगे। लेकिन आपका परिवार, वे जीवन भर कष्ट सहेंगे। मैं यह नहीं कहना चाहती कि आप किसी बेहतर जगह या स्वर्ग में चले गए हैं। यह जाने का समय नहीं था।'



# एक्टिंग के मामले में पति को सलाह देती हैं कैटरीना लेकिन नहीं करती ये काम, विक्की का खुलासा

**मुंबई, 29 जून।** विक्की कौशल ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री में बतौर एक्टर 10 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ से शादी की है। ऐसे में उन्होंने अपनी एक्टिंग और कैटरीना कैफ के बारे में कई बातें शेयर की हैं। विक्की कौशल ने बताया कि उनकी पत्नी कैटरीना उनके काम पर प्रतिक्रिया देती हैं। हालांकि वह अपने काम के बारे में उनकी प्रतिक्रिया नहीं सुनती हैं। करीना कपूर ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में विक्की कौशल करीना कपूर के साथ बैठे। दोनों ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में कई अनुभव साझा किए। जहां विक्की कौशल ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री में 10 साल पूरे कर लिए हैं, वहीं करीना कपूर ने भी इस इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। आइए जानते हैं दोनों ने क्या बात की।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ

## सौर ऊर्जा से बिजली बिल घटा, मिली बड़ी राहत, केंद्र और राज्य सरकार से मिल रही डबल सब्सिडी से सोलर सिस्टम की लागत भी हुई कम

- सब्सिडी से उपभोक्ता को मिल रही 75 प्रतिशत तक की छूट
- 1 किलोवॉट पर 15 हजार और 2 किलोवॉट पर 30 हजार की आ रही लागत, जो कि वास्तविक लागत का सिर्फ 25 प्रतिशत
- केंद्र सरकार 78 हजार और राज्य सरकार 30 हजार तक की दे रही सब्सिडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 29 जून।** सौर ऊर्जा से किफायती बिजली पैदा कर घरों को रोशन करने और बिजली बिल में बड़ी राहत के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर योजना में मिल रही भारी सब्सिडी से अब सोलर सिस्टम की लागत काफी कम हो गई है। पीएम सूर्यघर योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के साथ अब राज्य सरकार ने भी सब्सिडी दिए जाने का ऐलान कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार तक की सब्सिडी दी जा रही है, वहीं राज्य सरकार ने 30 हजार तक सब्सिडी प्रदान करने की घोषणा की है। इससे उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ होगा। एक ओर जहां बिजली बिल में राहत मिल रही है वहीं सब्सिडी से सोलर सिस्टम लगाने की लागत भी काफी कम आ रही है।

### केंद्र व राज्य शासन की सब्सिडी से काफी घटी लागत

प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना में केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा भी हितग्राहियों को 30 हजार तक की सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जिससे सोलर सिस्टम लगाने की लागत काफी कम हो गई है। इसमें 1 किलो व्हाट लगाने की लागत करीब 60 हजार रूपये आती है, इस पर केंद्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार सहित कुल 45 हजार रूपये सब्सिडी मिलते हैं, उपभोक्ता पर सिर्फ 15 हजार रुपए का भार आता है। इसी प्रकार 2 किलो वाट पर 1 लाख 20 हजार रुपए की लागत पर केंद्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 90 हजार सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त होती है। उपभोक्ता को जेब से सिर्फ 30 हजार रुपए देने पड़ेंगे, जो कि वास्तविक लागत का सिर्फ 25 प्रतिशत है।

रायगढ़ के छोटे अतरमुड़ा के रहने वाले श्री जी.बी.त्रिपाठी ने अपने घर की छत पर पीएम सूर्यघर योजना से सोलर सिस्टम लगवाया है। उन्होंने बताया कि पहले उनका औसतन बिल 1800 से 2500 रुपए तक आता था। हर महीने इतना बिल परेशानी का कारण था। लेकिन जब से सोलर सिस्टम लगवाया है बिल काफी घट गया है। एक महीने तो माइनस 3500 रुपए बिल आया। मतलब सोलर प्लेट से पैदा की बिजली से घर का काम भी चल गया और बची बिजली विद्युत विभाग के ग्रिड में ट्रांसफर करने से बिल में भी छूट मिली। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छी योजना है। यह न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से राहत देती है बल्कि एक स्वच्छ और स्थायी ऊर्जा का एक विकल्प है। यह पर्यावरण के लिहाज से भी अत्यंत प्रभावी पहल है। उन्होंने अन्य लोगों को भी इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

# संभागायुक्त और कलेक्टर ने 810 आवासों का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 जून।** संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह सूर्या माल के पीछे निर्मित आवास का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के साथ पहुंचे। बड़ी संख्या एवं खुले क्षेत्र में निर्मित आवासों को देखकर संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने प्रसन्नता जाहिर की ।

प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक अंतर्गत 1120 यूनिट सूर्य विहार के पीछे और 810 यूनिट माइलस्टोन के पास आवासों का संयुक्त निरीक्षण निगम के टीम के साथ किए। 1120 यूनिट अंतर्गत निर्माणाधीन मकान को त्वरित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जो हितग्राही शिफ्ट हो गए हैं उनके स्थाई रूप से पानी, बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया। इसके पश्चात 810 यूनिट माइलस्टोन के पास के आवासों का निरीक्षण किया गया । जिसमें निगम भिलाई को पूर्ण किस्त जमा किए गए लगभग 115 हितग्राहियों के मकान को पहले पूर्ण करके हितग्राहियों को सौंपने के लिए निर्देश दिए गए।




कलेक्टर ने कुरूद स्थित सीबीजी प्लांट स्थल का निरीक्षण निगम आयुक्त के साथ किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया । निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय दंडाधिकारी हरिवंश सिंह मिरी, महेश राजपूत, जोन आयुक्त ऐशा लहरे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त होने पर बीएसपी के 21 कार्यपालकों को दी गई विदाई

**भिलाई, 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के खदानों सहित विभिन्न विभागों में पदस्थ 21 कार्यपालकों के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में उन कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन शनिवार को इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा सेफी चेयरमेन एवं ओए-बीएसपी के अध्यक्ष एन के बंछोर ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों ने सेल में अपने सेवा अनुभव और सेवानिवृत्ति के बाद भविष्य की योजनाओं को भी साझा किया। जून 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में शामिल हैं- महाप्रबंधक पूर्ण चंद्र बाग, विजय कुमार शर्मा, सुधाकर नंदकर, रमेश प्रसाद अहिरवार, श्रीमती सुमिता डे, सनत कुमार बाला, उप महाप्रबंधक प्रशांत जोशी, सहायक महाप्रबंधक सुभाष भाई पटेल, डोमार सिंह साहू, बीजू जॉर्ज, जय प्रकाश पांडे, प्रवींद्र कुमार कांबले, शांति स्वरूप मिश्रा, रजत कुमार बनर्जी, भीमराव फुसे, वरिष्ठ प्रबंधक प्रशांत कुमार देशपांडे, के निखाले, ताल सिंह वर्मा, प्रबंधक अजीत कुमार किंडो, अरविंद ताराचंद रामटेके, जेओ गोवर्धन लाल टंडन।

### अब से हर सोमवार दोपहर 12.30 बजे से होगा कलेक्टर जनदर्शन

**रायगढ़, 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हर सप्ताह आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन अब मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिसके मुताबिक प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक अब मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10.00 बजे से होगी एवं कलेक्टर जनदर्शन समय-सीमा बैठक की समाप्ति उपरांत दोपहर 12.30 बजे से कलेक्टर चैंबर-प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित होगा।

### कोरबा पावर लिमिटेड की मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट का शुभारंभ

**कोरबा 29 जून।** कोरबा पावर लिमिटेड के सामाजिक सरोकार के तहत अदाणी फाउंडेशन ने करतला और कोरबा ब्लॉक में मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट (एमएचसीयू) का शुभारंभ किया है। सोमवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी ने एमएचसीयू को हरी झंडी दिखाकर सरगबुंदिया ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य व्यवसाय अधिकारी समीर मित्रा, परियोजना प्रमुख सीवीके प्रसाद और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। एमएचसीयू हेल्पेज इंडिया के सहयोग से 11 गांवों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी, जिनमें पताड़ी, खोड्डुल, पहंदा, दर्राभांठा, ढनढ़नी, रिस्दीहापारा, उरगा, देवरमाल, और सरगबुंदिया शामिल हैं यह यूनिट प्रतिदिन दो शिफ्टों में संचालित होगी और प्रत्येक दिन दो गांवों का दौरा करेगी। पांच सदस्यीय टीम, जिसमें एक मेडिकल कंसल्टेंट (डठठै), फार्मासिस्ट, सोशल प्रोटेक्शन ऑफिसर, ड्राइवर और सहायक स्टाफ शामिल हैं, चिकित्सा परामर्श, आवश्यक दवाओं का वितरण और स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियाँ प्रदान करेगी।

## विकास से कोसों दूर है आदिवासियों की परेशानी

# मलेरिया के मरीजों को ले जाती एंबुलेंस बीच सड़क में फंसी, ट्रैक्टर से टोचन कर निकाला

**गरियाबंद, 29 जून।** आमामोरा में मलेरिया से ग्रसित 5 गंभीर मलेरिया मरीज जब फंस गए अधूरी सड़क में रात को ट्रैक्टर बुलाकर एंबुलेंस को टोचन कर निकालना पड़ा. 15 साल से बन रहे 24 करोड़ के सड़क को टाइगर रिजर्व के आपत्ति के बाद काम रोका गया है, ग्रामीण बोले हमारी जिंदगी जंगली जीव से ज्यादा कीमती कैसे हो गई. लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती है, यह इस आदिवासी इलाके की हकीकत है, जिससे ग्रामीण रोज दो-चार होते हैं. वन्य प्राणियों के खातिर निर्माण रोक दिए गए सड़क में किस तरह पिछड़ी जनजाति लोगों की जिंदगी दांव पर लग रही है, उसकी एक बानगी बीती रात देखने को मिली है. कुकरार के ष्टाह्व दुर्गेश पुरैना अपने सहयोगियों के साथ बीते शाम नियमित ग्राम भ्रमण पर निकले थे, तभी कुकरार के कमार जनजाति के पांच मरीज पवित्रा (6 साल), रूपेश (13 साल), धान बाई (50 साल), शुक्रुरम (54 साल), प्रमिला बाई (34 साल) बुखार से तपते मिले. सभी का झाड़-फूंक कर इलाज किया जा रहा था. इस पर उन्हें समझाइश देकर अस्पताल जाने को राजी किया गया. स्लाइड जांच में ही पता चला था कि इन्हें मलेरिया है, लक्षण भर्ती के लायक थे. शाम 6 बजे मेनपुर अस्पताल से एंबुलेंस को काल किया गया. डेढ़ घंटे के भीतर एंबुलेंस पहुंची. मरीज को लेकर एंबुलेंस 2 किमी सड़क पर निकली ही थी कि हथौड़ाडीह के पास अधूरी सड़क में फैली कीचड़ के बीच फंस गई. 2 घंटे के मशक्कत के बाद फंसे एंबुलेंस को ट्रैक्टर के सहारे निकाला गया. ष्टाह्व पुरैना ने कहा कि बारिशभर इसी तरह परेशानी उठानी पड़ती है.



### नक्सलियों की इस करतूत से बंद हुआ था काम

2008 में स्वीकृत सड़क पर अर्थ वर्क हुआ ही था कि मई 2011 में अमामोरा पहाड़ी पर नक्सलियों ने एडिशनल एसपी राजेश पवार समेत 10 जवानों को एंबुस में फंसा कर हत्या कर दी गई थी. तब काम की लागत केवल 10 करोड़ थी. इलाका भी सामान्य वन मंडल में आता था, उस समय फॉरेस्ट में आने वाले 13 हेक्टेयर के लिए क्लियरेंस की प्रकिया पूरी कर ली गई थी. माओवादियों की गहरी पैठ होने के कारण दहशत के चलते ठेकेदार ने काम सरेंडर कर दिया. 2022 में काम को फिर से शुरू करने की पहल हुई. रिवाइज स्टीमेट बनाया गया. लागत बढ़ कर 23.34 करोड़ हुई. कार्य को पांच भागों में डिवाइड कर दो साल में 23 बार टेंडर काल किया गया. 24वें काल में 2023 में कार्य के लिए अनुबंध भी हो गया. सीआरपीएफकी सुरक्षा में काम भी शुरू हुआ. लेकिन इस बीच 2012 में इलाका सामान्य वन मंडल से टाइगर रिजर्व घोषित हो गया था, जिसकी अनदेखी कर पीएमजीएसवाय विभाग ने काम तो शुरू किया तो अब अड़चन आ गई है.

### बगैर स्लैब के पुल से बारिश में अवरुद्ध हो जाएगा काम

आमामोरा पहुंचने से पहले ही सड़क पर पुलिया का अधूरा निर्माण कर छोड़ दिया गया है. साइड वाल बनाया गया पर स्लैब की ढलाई नहीं हुई. पहाड़ों की ऊंचाई से पानी का बहाव इस नाले पर तेज रहता है.अभी किसी तरह डाएवर्ट कच्ची मार्ग से आवाजाही हो रही है. बाढ़ आते ही गांव टापू में तब्दील हो जाता है. कमार भुजिया बाहुल्य इस पंचायत के पांच बस्तियों में 1500 से ज्यादा ग्रामीण मौजूद हैं, जिन्हें बारिश में मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा. पक्की सड़क का निर्माण ओड से आगे 15 किमी की सड़क में 40 फीसदी काम भी नहीं हो पाया है. अधूरे अर्थ वर्क के चलते मिट्टी-मुरम की सड़कों पर पानी भर जा रहा है, जिससे दुपहियां भी मुश्किल से चल रहे हैं.

आमामोरा गांव के आगे पूल अधूरा छोड़ा गया हुआ है. नाले में पानी आया तो आमामोरा पंचायत में टापू में तब्दील हो जाएगा.

**13 साल के अंतराल के बाद शुरू हुआ था काम:** नेशनल हाइवे 130 सी से आमामोरा ओंड़ को जोड़ने वाली 31.65 किमी सड़क निर्माण कार्य मंजूरी के 15 साल बाद भी निर्माण एजेंसी पीएमजीएसवाय काम पूरा नहीं करवा पा रही. 8 किमी सीसी सड़क समेत 12 किमी सड़क ही पूरी बनी थी, 10 किमी पर बीटी कार्य पूरे कर लिए गए थे, डामर डालना शेष रह गया था, शेष पार्ट में काम चल रहा था कि उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व ने एनओसी का हवाला देकर मार्च 2025 को काम बन्द करा दिया. टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि निर्माण क्षेत्र में 17 हेक्टेयर रकबा रिजर्व फारेस्ट के बफर जोन में आता है, जिसके लिए वाइल्ड लाइफ और फॉरेस्ट एनओसी लेना अनिवार्य है. फॉरेस्ट क्लियरेंस के बाद ही काम को शुरू कराया जा सकता है.

**फॉरेस्ट क्लियरेंस में खर्च होंगे 10 करोड़ से ज्यादा:** रोक लगने के बाद काम को शुरू कराने का प्रयास एजेंसी विभाग ने शुरू कर दिया है. डीजीपीए सर्वे के मुताबिक पूरे निर्माण क्षेत्र में केवल 1600 मीटर का हिस्सा छोड़ सभी टाइगर रिजर्व में आता है, जो 17 हेक्टेयर जमीन पर है. एनओसी के लिए भरे जाने वाले 44 बिंदुओं में 3 बिंदु वन व वन्य प्राणी से संबंध है. तय नियम के मुताबिक, निर्माण क्षेत्र में आने वाले भूमि के दुगुने क्षेत्रफल में पौधा रोपण करना होगा. इसके अलावा सर्वे और अन्य खर्च मिला कर एनओसी क्लियरेंस तक प्रति हेक्टेयर 60 लाख का खर्च होगा. इस तरह से 10 करोड़ से ज्यादा खर्च होगा।

# कटघोरा मंडल में पेड़ों की अवैध कटाई विभाग की निगरानी पर लगा प्रश्नचिन्ह

**कोरबा 29 जून।** जिले के कटघोरा वन मंडल के ग्राम पंचायत बंजारी के अंतर्गत आने वाले रावणभांठा जंगल, जो कि सलीहाभांठा बीट क्षेत्र में स्थित है, वहां बड़े पैमाने पर अवैध रूप से पेड कटाई का मामला सामने आया है। इस घटना की जानकारी ग्राम सरपंच और ग्रामीणों की तत्परता से सामने आई, जिससे वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गया है। बंजारी सरपंच पति जजमान सिंह, उप सरपंच पति विनोद उर्रे, पंच भोला धनुहार व स्थानीय ग्रामीणों को सूचना मिली कि जंगल क्षेत्र में भारी मात्रा में धौरा व साजा नामक बहुमूल्य पेड़ों की कटाई कर लकड़ियाँ एकत्र की गई हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत सलीहाभांठा बीट के संबंधित बिट गार्ड को इस संबंध में अवगत कराया। प्रारंभ में वन कर्मियों ने मामले को नजरअंदाज करने की कोशिश की, लेकिन सरपंच, उपसरपंच और ग्रामीणों के दबाव के चलते वन विभाग को हरकत में आना पड़ा। सूचना के आधार पर बिट गार्ड और अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे, जहां ग्रामवासियों के साथ मिलकर जब स्थल का निरीक्षण किया गया तो सभी दंग रह गए। जंगल क्षेत्र में भारी मात्रा में लकड़ी काटकर जमा की गई थी, जो इस बात का संकेत है कि यह कार्य लंबे समय से चोरी-छिपे किया जा रहा था। यदि समय पर ग्रामीणों ने सूचना नहीं दी होती, तो रात के अंधेरे में यह लकड़ी तस्करी कर बाहर भेज दी जाती और वन विभाग को भनक तक नहीं लगती।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध कटाई की खबरें सामने आती रही हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से नियमित निगरानी नहीं की जाती। ना ही फील्ड में कोई गश्त होती है और ना ही समय-समय पर बीट क्षेत्र का निरीक्षण किया जाता है। फिलहाल इस अवैध कटाई के पीछे किन लोगों का हाथ है, इसकी जांच की जा रही है। वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों को जानकारी भेज दी है। वहीं ग्रामीणों की मांग है कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्षेत्र में नियमित गश्त और कड़ी निगरानी की व्यवस्था की जाए। यह घटना वन विभाग की निष्क्रियता और लापरवाही की पोल खोलती है। सवाल यह उठता है कि अगर सरपंच और ग्रामीण सक्रिय नहीं होते, तो क्या यह अवैध कटाई यूं ही जारी रहती?

# नाबालिग हत्या मामले से जुड़ा सीसीटीवी वीडियो आया सामने

## रिश्तेदार के साथ जाती दिखी मृतका

**रायपुर, 29 जून।** राजधानी से लगे खरोरा थाना क्षेत्र में नाबालिग की हत्या के मामले में चौंकाने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. खरोरा थाना क्षेत्र के बेल्दार सिवनी गांव में 27 जून को मुस्कान का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था. अब जो नई जानकारी सामने आई है, उससे वारदात को अंजाम देने का शक मृतका के दूर के रिश्तेदार साहिल धीवर पर और भी गहरा हो गया है.

फुटेज में मुस्कान किसी युवक के साथ बाइक पर जाती दिखाई दे रही है. पुलिस को आशंका है कि बाइक चला रहा युवक साहिल धीवर है, जो मृतका का दूर का रिश्तेदार है. वहीं दूसरी तस्वीर में साहिल को अकेले बाइक से लौटते हुए देखा गया है, जिससे शक और गहरा गया है.

पुलिस के अनुसार, वारदात के बाद साहिल रायपुर छोड़कर फरार हो चुका है. फिलहाल खरोरा पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है और लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है.

बता दें कि 27 जून को बेलदार सिवनी गांव के पास खेत में नाबालिग का शव मिला था. शव के पास से चाकू भी बरामद किया गया था. नाबालिग प्राइवेट स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ रही थी. मृतिका के पिता और भाई की अपनी-अपनी इलेक्ट्रॉनिक दुकान चलाते हैं. छोटा भाई 8वीं कक्षा में पढ़ता है. मामले में सामने आए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है. पुलिस साहिल के तलाश में जुटी है.

## समाचार संक्षेप

### विधायक देवेन्द्र यादव ने किया संविधान चौक का लोकार्पण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 जून।** रिसाली सेक्टर के हॉस्पिटल चौक में छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस एवं संविधान चौक लोकार्पण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र यादव, महापौर शशि सिन्हा, विशेष अतिथि सभापति केशव बंछोर, एमआईसी संजू नेताम, एमआईसी जमुना ठाकुर,एमआईसी सनीर साहू, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिया उपस्थित हुए। शुरुआत जननायकों में फुल अर्पित कर संविधान प्रस्तावना की व्याख्यान कर किया गया व अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात संविधान चौक का लोकार्पण विधायक देवेंद्र यादव द्वारा किया गया। उन्होंने भारतीय संविधान से समस्त देशवासियों को मिली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

महापौर शशि सिन्हा ने संविधान चौक के सौंदर्यीकरण के लिए 4 रुपये राशि की घोषणा एवं वीरांगना रानी दुर्गावती को आत्मसात करने की अपील की। प्रवक्ता सारदा रामटेके ने रानी दुर्गावती जी के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। दिनेश्वरी भुआर्य ने जनगीत के माध्यम से जननायको को याद किया। राजेन्द्र परगनिया ने स्वागत भाषण किया। मंच संचालन चन्द्रकला तारम व सीमा साहू ने किया।

### संपत्तिकर जांच एवं कर वृद्धि के लिए की गई विशेष पहल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में संपत्तिकर स्व विवरणी जांच के संबंध में आयुक्त राजीव कुमार पांडेय की उपस्थिति में प्रशिक्षण आयोजित हुआ । आयुक्त पांडेय ने बताया कि संपत्तिकर निर्धारण के लिए शहर को 4 जोन आवासीय, व्यवसायिक, आवासीय व्यावसायिक, औद्योगिक में वर्गीकरण किया गया है, जिसका संपत्ति कर का दर अलग-अलग है। भूमि स्वामी द्वारा स्व विवरणी भरकर जमा किया गया है तो 60 दिवस के अंदर जांच नहीं किया जाता है। तत्पश्चात जांच अनुसार क्षेत्रफल में 10 प्रतिशत से अधिक का अंतर आने पर 5 गुना पेनाल्टी का प्रावधान है। पेनाल्टी से बचने के लिए निर्मित मकान/दुकान/उद्योग के संपत्ति कर का सुधार नगर निगम भिलाई से करा लेवें। डायवर्टेड खुली भूमि, अवैध निर्मित मकान/दुकान का भी संपत्ति कर का प्रावधान है। निशक्तजन हेतु 25 प्रतिशत की छूट है। साथ ही विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं हेतु 50 प्रतिशत छूट प्रावधानित है। बीएसपी द्वारा स्व विवरणी प्रस्तुत किया गया है जहां भी संशय की स्थिति होगी जांच किया जाएगा। स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक कार्य में संलग्न कर्मचारियों को छोड़कर शेष लोगों की ड्यूटी संपत्ति कर वसूली हेतु लगाई जाएगी। आम नागरिकों से अपील की गयी है कि जांच के पूर्व अपना संपत्तिकर संबंधी त्रुटि सुधार करा लेवें, जिससे वे पेनाल्टी से बच सकें । उप अभियंता सिद्धार्थ साहू एवं संपत्तिकर प्रभारी बी एल असाटी द्वारा संपत्तिकर निर्धारण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । प्रशिक्षण में मुख्य रूप से सभी जोन आयुक्त अजय राजपूत, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, प्रोगामर दीप्ति साहू, राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, धीरज साहू, सहायक राजस्व अधिकारी एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे ।

### हत्यारी पत्नी को प्रेमी सहित आजीवन कारावास

**कोरबा 29 जून।** जिले के महत्वपूर्ण मामले में न्यायालय ने साक्ष्य और सबूतों को मद्देनजर रखते हुए आरोप सिद्ध होने पर बड़ा फैसला सुनाया है। प्रथम अपर सत्र न्यायालय कटघोरा के न्यायाधीश श्रीमती मधु तिवारी ने हत्या के मामले में पांच कथित आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

जानकारी अनुसार आरोपी ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर अपने दोस्त की हत्या की थी। मृतक की पत्नी का उसके साथ अवैध संबंध थे। जब मृतक को इस बारे में पता चला, तो उसने इसका विरोध किया। इसके बाद दोनों नेमिलाकर उसकी हत्या की साजिश रची। उन्होंने अपने दो अन्य साथियों को भी इस साजिश में शामिल किया। हत्या के दिन, कथित आरोपी ने मृतक को फोन कर उसे एक सुनसान स्थान पर बुलाया। वहां पर अन्य आरोपी ने उसको पकड़ लिया और उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने सभी कथित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अदालत ने सभी आरोपियों को दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने की। उन्होंने बताया कि यह एक जटिल मामला था, लेकिन अदालत ने सभी को दोषी ठहराया और उन्हें सजा सुनाई।

## निःशुल्क नीट और जेईई कोचिंग कक्षाओं के संचालन के लिये दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# छात्रों को विकासखंडों में ही मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 29 जून।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के पहल और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले सभी सातों विकासखण्ड में मेडिकल कॉलेज में प्रवेश परीक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली नीट और इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिये राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली जेईई परीक्षा की तैयारी करने के उद्देश्य से रायगढ़ जिले के छात्रों के लिये निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।कोचिंग कक्षायें यूथ सेंटर धरमजयगढ़, यूथ सेंटर लैलूंगा, यूथ सेंटर घरघोड़ा, यूथ सेंटर तमनार, यूथ सेंटर खरसिया, यूथ सेंटर पुसौर और पीएम नटवर स्कूल रायगढ़ में आगामी 10 जुलाई 2025 से संचालित होंगी। जिसके लिये प्रत्येक विकासखण्ड से भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान और गणित के 3-3 विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं का चयन किया गया है।



### व्याख्याताओं को कार्यशाला में परीक्षा,प्रश्नपत्र की जानकारी दी

नीट और जेईई कक्षाओं के अध्यापन करने वाले सभी विषयों के मार्गदर्शक व्याख्याताओं को विषय अध्यापन में किन-किन टॉपिक पर फोकस किया जाना है, अध्यापन की क्या शैली रहेगी, टॉपिक में किन-किन बिंदुओं पर ज्यादा फोकस किया जाना है, साप्ताहिक, मासिक और नियमित अंतराल में कैसे परीक्षा करानी है, प्रश्नपत्र का स्वरूप कैसा हो आदि के बारे में समझने के लिये स्थानीय पीएमश्री नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई।

### कार्यशाला में इन्होंने दिया मार्गदर्शन

रायगढ़ में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला को राजनांदगांव जिले के जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, दुर्ग जिले के सहायक संचालक अमित घोष, अनकडमिक कोचिंग संस्थान बिलासपुर ब्रांच के डायरेक्टर बहादुर आर्या, उनके सहयोगी सौरव कुमार, अंजलेश तिवारी, आशुतोष यादव एवं आयाम एडुवेनचर प्राइवेट लिमिटेड अकादमी भिलाई के आलोक शर्मा के साथ रायगढ़ जिले के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ के वेंकट राव, जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र चौधरी ने मार्गदर्शन दिया।

उद्घाटन सत्र के दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने पिछले वर्ष के एनएमएमएस और प्रयास विद्यालय के परीक्षा परिणाम में प्राप्त अपेक्षित सफलता को रेखांकित करते हुये गत वर्ष की प्रतियोगी परीक्षाओं की तरह जेईई और नीट की कोचिंग कक्षाओं के संचालन पूरी गंभीरता से करने और बेहतर परिणाम लाने के निर्देश सभी व्याख्याताओं को दिए।

### विकासखण्ड में पंजीयन किया जा सकेगा

निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं में सभी शासकीय और अशासकीय शालाओं के कक्षा 11वीं और 12 वीं में अध्ययनरत या 12 वीं गणित और जीव विज्ञान संकाय के पूर्व वर्ष के उत्तीर्ण विद्यार्थी अपने विकासखण्ड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विकासखण्ड के नियुक्त विकासखण्ड नोडल अधिकारी के पास पंजीयन करा सकते हैं या विस्तृत जानकारी जिला नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, एपीसी समग्र शिक्षा के मोबाइल नम्बर 7000081311 से संपर्क कर सकते हैं।

# एक नजर

## क्रिकेटर यश दयाल पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**गाजियाबाद, 29 जून (एजेंसी)।** आईपीएल चैंपियन आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल पर यौन



उत्पीड़न के आरोप लगे हैं। गाजियाबाद के इंद्रापुरम में रहने वाली एक युवती ने ऑनलाइन पोर्टल में शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने क्रिकेटर यश दयाल पर शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, इस शिकायती पत्र में क्रिकेटर का नाम नहीं है। गाजियाबाद के एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने दैनिक भास्कर से शिकायत की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, 'मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी क्रिकेटर यश दयाल ही हैं। अभी ढ्ढत्रक्रस् (ऑनलाइन शिकायत पोर्टल) से गाजियाबाद पुलिस को जानकारी मिली है। जल्द ही क्रिकेटर का बयान भी दर्ज किया जाएगा।' यश दयाल के पिता से आरोपों पर सवाल किया तो उन्होंने कहा- ये आरोप झूठे हैं। इस लड़की को हम जानते तक नहीं हैं।

**पीड़ित ने पोस्ट में योगी से मदद मांगी:** पीड़ित ने 21 जून को IGRS पर शिकायत की थी। इसके बाद उसने 25 जून को एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी। इसमें उसने यश दयाल के साथ फोटो भी पोस्ट की थी। पीड़ित ने इस पोस्ट में यूपी के ष्टरूआदित्यनाथ से मदद मांगी है। उसने लिखा- यश दयाल के साथ पिछले 5 साल से रिलेशनशिप में थी। यश मेरे अलावा कई और लड़कियों के साथ रिश्ते में भी थे।

## श्रीलंका से सीरीज हारने के बाद शांतो ने कप्तानी छोड़ी

**कोलंबो, 29 जून (एजेंसी)।** बांग्लादेश के नजमुल हसन शांतो ने टेस्ट की कप्तानी छोड़ दी है। शांतो ने श्रीलंकाई के खिलाफ2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0



से हराने के बाद कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया। 26 साल के इस लेफ्टी बैटर ने शनिवार को कहा- 'मैं अब टेस्ट की कप्तानी नहीं करूंगा।' 16 दिन पहले 12 जून को BCB ने उनसे वनडे की कप्तानी छीनी थी। बोर्ड ने मेहदी हसन मिराज को नया कप्तान बनाया था। बांग्लादेशी टीम को श्रीलंका दूसरे टेस्ट में पारी और 78 रन की हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों के बीच का पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। शांतो ने मैच के बाद मीडिया से कहा- ये मेरा कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है। मैंने टीम की बेहतरी के लिए यह फैसला लिया है। मुझे लगता है मेरा फैसला टीम के हित में होगा। पिछले कई सालों से मैं इस ड्रेसिंग रूम का हिस्सा हूं। मुझे लगता है कि तीन फॉर्मेट में अलग-अलग कप्तान होना टीम के हित में नहीं है। मुझे नहीं पता इस बारे में बोर्ड क्या महसूस करता है, लेकिन मैं उनके फैसले का सम्मान करूंगा। मैं चाहूंगा कि मेरे इस फैसले को कोई भी इमोशनल न ले, या फिर ये न सोचे कि मैंने निराश होकर ऐसा किया है। मैं एक बार फिर साफकरना चाहता हूं कि ये मैंने टीम की भलाई के लिए किया है।

### ग्रीनलैंड में शुरू हुआ फुटबाल का सीजन

# अगले तीन महीने तक 24 घंटे रहेगी सूरज की रोशनी

**नुऊक, 29 जून (एजेंसी)।** ग्रीनलैंड की आबादी 57000 और यहां 5600 पंजीकृत फुटबॉलर हैं। इसके बावजूद ग्रीनलैंड को टीम की सदस्यता नहीं मिली है। अब यहां फुटबॉल का सीजन शुरू हो गया है, क?योंकि साल के अधिकांश समय बर्फसे ढके रहने वाले इस द्वीप पर अगले तीन महीने 24 घंटे सूरज की रोशनी रहेगी।

उत्तरी अमेरिका महाद्वीप का एक छोटा सा द्वीप ग्रीनलैंड यूं तो साल में अधिकांश समय बर्फसे ढका रहता है, लेकिन जून से अगले तीन महीने यहां 24 घंटे सूरज की रोशनी रहती है, जिसका इंतजार फुटबॉल के दीवाने यहां के लोगों को बेसब्री से रहता है। लेकिन मध्य अमेरिका, उत्तर परिसंघ और कैरेबियाई फुटबॉल संघ (कोंकाकाफ) ने ग्रीनलैंड फुटबॉल संघ का सदस्य बनने का आवेदन खारिज कर दिया, जिससे यहां के फुटबॉल खिलाड़ियों और फैंस को बड़ा झटका लगा है। 57000 की आबादी वाले इस देश में 10 फीसदी पंजीकृत खिलाड़ी हैं, जो इस बात का सबूत हैं कि ये खेल इस देश के लोगों के लिए क्या मायने रखता है।

### राजनीति का शिकार बने

खनिजों से भरे और रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण इस द्वीप पर कब्जा करने की अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ख्वाहिश के चलते कुछ लोगों ने इसके लिए राजनीति को दोषी ठहराया। कोंकाकाफफीफा के अधीन छह उपमहाद्वीपीय महासंघों में से एक है। हालांकि ग्रीनलैंड डेनमार्क का एक संप्रभु क्षेत्र है, लेकिन भौगोलिक रूप से उत्तरी अमरीका का हिस्सा है। ग्रीनलैंड यूरोपीय फुटबॉल परिसंघ (यूएफा) में शामिल नहीं हो सकता क्योंकि वह केवल संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त देशों को स्वीकार करता है। लेकिन कॉनकाकाफउसे मान्यता देने में सक्षम है।



### आर्थिक कारणों से लिया फैसला: कप्तान पैट्रिक

हालांकि ग्रीनलैंड फुटबॉल टीम के कप्तान पैट्रिक फ्रेडरिकसेन ने कहा कि यह फैसला आर्थिक कारणों से लिया गया है। उन्होंने कहा, हम सभी को पता है कि ग्रीनलैंड यात्रा करना कितन कठिन है। इस महीने की शुरुआत में अमरीका से ग्रीनलैंड की सीधी उड़ान यहां पहुंची। न्यूजर्सी से नुउक तक का एक तरफ का टिकट 1200 डॉलर है। बाकी उड़ाने आइसलैंड या कोपेनहेगन होकर यहां आती हैं।

### सर्दी के मौसम में खेलते हैं फुटसाल

सर्दी के लंबे मौसम में ग्रीनलैंड के अधिकांश खिलाड़ी फुटसाल खेलते हैं जो एक खास तरह की गेंद से हैंडबॉल कोर्ट पर खेला जाने वाला इंडोर फुटबॉल खेल है। इसमें एक टीम में पांच खिलाड़ी होते हैं।

### अगले तीन महीने फुटबॉल के नाम

इन सबके बीच यहां के निवासियों की फुटबॉल को लेकर दीवानगी कम नहीं हुई है। अगले तीन महीनों में जब यहां तापमान पांच से दस डिग्री सेल्सियस के करीब होगा, वे फुटबॉल खेलने में अधिकांश समय बिताना चाहते हैं। फुटबॉलर एंगुटिमारिक क्रेउत्जमैन ने कहा, अब हम पूरी रात फुटबॉल खेलेंगे। अंधेरा नहीं होने वाला है तो हमारे पास समय ही समय है। नुउक में एक क्लब के कोच ऑस्कर स्कॉट कार्ले ने कहा, यहां फुटबॉल मैच देखने के लिए इतने सारे लोग जुटते हैं। फुटबॉल इस देश के लोगों को एकजुट रखता है। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही हमारी टीम को भी मान्यता मिलेगी।

## भारतीय महिला हॉकी टीम का शर्मनाक प्रदर्शन, चीन ने बुरी तरह धोया

भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में शर्मनाक प्रदर्शन जारी है! चीन ने भारत को 3-0 से करारी शिकस्त दी, जिससे टीम रेलीगेशन के खतरे में आ गई है। टीम के डिफेंस में भारी कमियाँ और पेनल्टी कॉर्नर के मौकों असफलता, भारत की हार का मुख्य कारण रहा। चीन ने शनिवार को बर्लिन में भारतीय महिला हॉकी टीम के खिलाफ3-0 से जीत दर्ज की, जिससे भारत एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) टूर्नामेंट से रेलीगेशन के कगार पर पहुंच गया। भारत के लिए यह निराशाजनक प्रदर्शन रहा, जो चौथे क्वार्टर में दीपिका द्वारा पेनल्टी स्ट्रोक सहित कई मौकों को भुनाने में विफल रहा। स्ट्रोक पोस्ट से जा टकराया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने हाफटाइम विश्लेषण में कहा, हम बहुत सारे सॉफ्ट पीसी दे रहे हैं। चीन के लिए सर्कल में केवल छह मौकों में से उन्होंने यांग चेन (21%) और यिंग झांग (26%) के गोल से तीन गोल किए ङ्क ये दोनों गोल पीसी से किए गए, जबकि अनहुई यू (45%) ने एक फील्ड गोल किया।



### क्रिकेट डायरी

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को 97 रनों से हराया

### कप्तान मंधाना का शतक, डेब्यू मैच में श्री चरणी को 4 विकेट



**नॉटिंघम, 29 जून (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड दौरे का जीत से आगाज किया है। टीम ने शनिवार रात को पहले टी-20 मैच में इंग्लिश टीम को 97 रनों के अंतर से हराया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

नाटिंघम में इंग्लैंड की कप्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट चेज कर रही मेजबान टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ऑलआउट हो गई। भारतीय टीम से डेब्यू कर रही श्री चरणी ने 4 विकेट झटके। वहीं, कप्तान स्मृति मंधाना ने 112 रनों की शतकीय पारी खेली।

मंधाना टी-20 मैच में भारत की ओर से सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर बनाने वाली बैटर बनी हैं। उन्होंने हरमनप्रीत कौर के 103 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है।

मंधाना (78 रन) एक टी-20 पारी में भारत की ओर से बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने हरमनप्रीत कौर (76 रन) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मंधाना क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट यानी टेस्ट, वनडे इंटरनेशनल और टी-20 में शतक बनाने वाली इकलौती भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं। कप्तान मंधाना ने अपनी पारी में 62 गेंदों का सामना किया। उन्होंने 15 चौके और 3 छक्कों के सहारे 180.64 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से लौरेंस बेल ने 3 विकेट झटके।

रन चेज में इंग्लैंड की खराब शुरुआत, 9 रन पर 2 विकेट गंवाए 211 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। सोफिया डंकले 7 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि डेनियल निकोल व्याट-हॉज खाता भी नहीं खोल सकीं। पावरप्ले समाप्त होते-होते इंग्लिश टीम ने 58 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए थे। नंबर-3 पर उतरी कप्तान नेटली सीवर-ब्रंट ने एक छोर संभाला और 66 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली, लेकिन उन्हें किसी अन्य बैटर का साथ नहीं मिला। डेब्यू मैच में श्री चरणी ने 4 विकेट झटके भारत की ओर से डेब्यू मैच खेल रही श्री चरणी ने 4 विकेट झटके।

## दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दिन 418 रन बनाए

- प्रिटोरियस डेब्यू में 150 रन बनाने वाले सबसे युवा टेस्ट क्रिकेटर



**बुलावायो, 29 जून (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे के खिलाफपहले टेस्ट में मजबूत शुरुआत की है। शनिवार को मुकाबले के पहले दिन का खेल समाप्त होने पर साउथ अफ्रीकी टीम का स्कोर 418/9 है। कार्बिन बॉश 100 रन बनाकर नाबाद हैं। क्वेना मफाका उनका साथ दे रहे हैं। लुआन-ड्रे प्रिटोरियस 153 रन बनाकर आउट हुए। वे डेब्यू मैच में 150 रन बनाने वाले सबसे युवा टेस्ट क्रिकेटर बने हैं। डेवाल्ड ब्रेविस 51 रन बनाकर आउट हुए। जिम्बाब्वे की ओर से तनाका चिवंगा ने 4 विकेट झटके।

**प्रिटोरियस ने मियांदाद का रिकॉर्ड तोड़ा:** साउथ अफ्रीका की ओर से डेब्यू करने वाले लुआन-ड्रे प्रिटोरियस टेस्ट क्रिकेट में 150 रन बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। प्रिटोरियस ने 19 साल 93 दिन की उम्र में डेब्यू करते हुए अपने पहले टेस्ट में 153 रन बनाए। वे पाकिस्तान के जावेद मियांदाद से 26 दिन छोटे हैं, जिन्होंने 1976 में लाहौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ163 रन बनाए थे। वे टेस्ट इतिहास में डेब्यू में शतक बनाने वाले पांचवें सबसे युवा और दक्षिण अफ्रीका के सबसे युवा खिलाड़ी बने।

### 10 सितंबर से शुरू हो सकता है एशिया कप भारत-पाक मैच हाइब्रिड मॉडल पर होंगे

एशिया कप होने को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब धीरे-धीरे कम होता दिख रहा है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में होने वाला एशिया कप 10 सितंबर से शुरू हो सकता है। हालांकि एशियन क्रिकेट काउंसिल (ष्टष्ट) ने इस पर अब तक कुछ भी नहीं कहा है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर होंगे। ऐसे में न्यूट्रल वेन्यू श्व हो सकता है। इससे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण टूर्नामेंट पर सवाल उठ रहे थे। अभी तक कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है, लेकिन एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) अगले हफ्ते फैसला ले सकती है। ACC जुलाई के पहले हफ्ते में टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर सकती हो। इस बार भारत को मेजबान देश बनाया गया है, लेकिन सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट को न्यूट्रल वेन्यू (UAE) में कराने की बात चल रही है। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक के बीच तनाव अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे।दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं।

# व्यापार

## सेव अर्थ मिशन ने अहमदाबाद में 'ग्लोबल विज़न अनवीलिंग' कार्यक्रम की घोषणा की



**अहमदाबाद, 29 जून (एजेंसी)।** पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सिर्फ1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर, सेव अर्थ मिशन ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विश्व रिकॉर्ड-सृजन कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और फोर्ब्स, फॉक्स, बिजनेस इनसाइडर व अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया चैनलों पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। अब, Save Earth Mission वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है। संगठन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम – Save Earth Mission Global Vision Unveiling – की आधिकारिक घोषणा की है। यह आयोजन Save Earth Mission की वैश्विक रणनीति की शुरुआत को चिन्हित करेगा, जिसका उद्देश्य है वर्ष 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना और पृथ्वी को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाना। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को शाम 6:00 बजे पर, प्रतिष्ठित GIFT City Club, अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा।

# तीन महीने बीत रहे, ट्रंप डेड लाइन बढ़ाएंगे?

### टैरिफसे ट्रेड डील तक,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाथ अब तक क्या लगा?

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफमें 9 जुलाई तक की राहत इसलिए दी थी, ताकी इस बीच कई देशों के साथ ट्रेड डील की जा सके। लेकिन करीब 3 महीनों में डोनाल्ड ट्रंप सिर्फ2 देशों के साथ ही ट्रेड डील फाइनल कर सके हैं। जैसे-जैसे 9 जुलाई की डेडलाइन करीब आती जा रही है, ट्रंप प्रशासन कई देशों के साथ ट्रेड डील करने के लिए तेजी से जूझ रहा है। ट्रंप और उनके अधिकारियों ने संकेत दिया है कि देशों के साथ ट्रेड डील की एक लंबी पाइपलाइन तैयार है। हालांकि टैरिफ में राहत की डेडलाइन पास आ गई है। 9 जुलाई आखिरी तारीख है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप अब तक सिर्फ2 देशों के साथ ही ट्रेड डील फाइनल कर सके हैं।

**क्या आगे बढ़ेगी डेडलाइन:** 9 जुलाई की डेडलाइन तक जो देश अमेरिका के साथ ट्रेड डील नहीं कर पाएंगे उन्हें ट्रंप द्वारा अप्रैल में घोषित




टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, ट्रंप ने शुक्रवार को संकेत दिया है कि इस डेडलाइन को आगे बढ़ाया जा सकता है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में रिपोर्टर्स से कहा, 'हम जो चाहते हैं, वह कर सकते हैं। हम इसे आगे बढ़ा सकते हैं। हम इसे कम कर सकते हैं। मैं इसे कम करना चाहता हूं। मैं बस सभी को लेटर भेजना चाहूंगा: बधाई हो, आपको 25त्न टैरिफदेना पड़ेगा।'

**कनाडा के साथ रद्द हुई व्यापार वार्ता:** उधर ट्रंप ने शुक्रवार को कनाडा के साथ व्यापार वार्ता को रद्द कर दिया। ट्रंप ने कनाडा को 'डिफिक्ल्ट कंट्री' बताया है। ट्रंप ने यूएस टेक फर्म्स को टार्गेट करने वाले कनाडा के टैक्स पर बातचीत अचानक समाप्त कर दी। उन्होंने कहा कि यह 'खुला हमला' था। उन्होंने कहा कि वे अगले हफ्ते कनाडाई प्रोडक्ट्स पर नई टैरिफ रेट तय करेंगे।

**कौन से देश अमेरिका के साथ ट्रेड डील में जूझ रहे:** साउथ कोरिया, वियतनाम और यूरोपीय यूनियन सहित अमेरिका के अधिकतर ट्रेड पार्टनर्स यूएस के साथ ट्रेड डील साइन करने में संघर्ष कर रहे हैं। फ्रांस जैसे देशों ने अमेरिका के पक्ष में डील करने के आइडिया को खारिज कर दिया है और टैरिफको पूरी तरह हटाने का प्रपोजल दिया है। कुछ यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों ने भी समान टैरिफके विचार को खारिज किया है और टैरिफको पूरी तरह हटाने का प्रपोजल दिया है।

**अमेरिका के साथ ट्रेड डील के करीब हैं ये देश:** भारत और जापान दो ऐसे देश हैं, जिनकी जल्द ही अमेरिका के साथ ट्रेड डील हो सकती है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था, 'लेकिन कुछ बड़े देश, भारत, मुझे लगता है कि हम एक ऐसी डील पर पहुंचेंगे, जहां हमें वहां भी व्यापार करने का अधिकार होगा, जहां अभी हम प्रतिबंधित हैं।'

**यूके के साथ अनसुलझा है यह मुद्दा:** इसके अलावा ट्रंप ने 16 जून को एक डील पर साइन किया है, जिसमें ब्रिटेन से आयात पर कुछ टैरिफऔपचारिक रूप से कम किये गए हैं। दोनों देश एक औपचारिक ट्रेड डील की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच एक डील हुई थी। इसमें ब्रिटिश ऑटोमोबाइल पर कोटा और टैरिफ रेट्स को तय किया गया तथा यूके एयरोस्पेस सेक्टर पर टैरिफ को हटा दिया गया। हालांकि, स्टील और एल्युमिनियम का मुद्दा अनसुलझा रहा।

### किन देशों के साथ अमेरिका कर चुका है ट्रेड डील

अभी तक केवल दो देश- चीन और यूके के साथ ही अमेरिका ने ट्रेड डील साइन की है। एक व्हाइट हाउस अधिकारी ने गुरुवार को कहा था, 'ट्रंप प्रशासन और चीन जिनेवा एग्रीमेंट को लागू करने के लिए एक एडिशनल अंडरस्टैंडिंग पर सहमत हुए हैं।' बता दें कि मई में जिनेवा में यूएस और चीन दोनों टैरिफघटाने को लेकर सहमत हुए थे। अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने गुरुवार को एक इंटरव्यू में कहा था, 'चीन हमें रेयर अर्थ्स उपलब्ध कराने जा रहा है। चीन ऐसा कर देगा तो हम अपना रेसिप्रोकल टैरिफहटा देंगे।'

## दो पहिया वाहनों को लेकर सरकार का बड़ा कदम, जारी किया नोटिफिकेशन

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसी)।** सरकार ने सड़क सुरक्षा को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से दोपहिया वाहनों के लिए नए महत्वपूर्ण नियम प्रस्तावित किए हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी एक मसौदा अधिसूचना के अनुसार, नए नियम के तहत दोपहिया वाहन निर्माता को वाहन खरीदते समय दो हेलमेट उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। साथ ही, 1 जनवरी 2026 से 50 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाले या 50 किमी/घंटा से अधिक गति वाले दोपहिया वाहनों में एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम लगाना भी आवश्यक होगा। मौजूदा हालात में, दोपहिया वाहन चालक के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है, लेकिन अक्सर पीछे बैठने वाले यात्री के लिए यह नियम सख्ती से लागू नहीं होता। इस नए प्रस्ताव के अनुसार, वाहन खरीदने के समय निर्माता दो हेलमेट प्रदान करेगा, जो भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप होंगे। इससे न केवल चालक बल्कि पीछे बैठे यात्री की भी




सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यह कदम दुर्घटना के दौरान सिर की चोटों को कम करने में मददगार साबित होगा। यह नियम केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में प्रस्तावित संशोधन के तहत लागू होगा और आधिकारिक राजपत्र में इसे प्रकाशित किए जाने के तीन महीने के भीतर प्रभावी हो जाएगा। हालांकि, मोटर वाहन अधिनियम की धारा 129 के तहत कुछ व्यक्तियों को इस नियम से छूट दी जाएगी। सड़क सुरक्षा के एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू के रूप में, 1 जनवरी 2026 से सभी नए रु2 श्रेणी के दोपहिया वाहन, जिनकी इंजन क्षमता 50 सीसी से अधिक या अधिकतम गति 50 किमी/घंटा से अधिक है, उन्हें एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम से लैस होना अनिवार्य है।

# जुलाई से होने वाले हैं ये बड़े बदलाव, जानें आधार व पैन के नए नियम से लेकर नए बैंक शुल्क तक

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसी)।** जुलाई से कई महत्वपूर्ण वित्तीय बदलाव लागू होने वाले हैं, जिसका सीधा असर व्यक्तिगत करदाताओं और बैंक ग्राहकों पर पड़ेगा। इनमें पैन आवेदनों के लिए नया आधार सत्यापन नियम, आयकर रिटर्न दाखिल करने की विस्तारित समय सीमा और एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर संशोधित शुल्क शामिल हैं।

1 जुलाई से नए पैन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा पेश किए गए इस नए नियम का उद्देश्य कर अनुपालन और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना है। अब तक पैन कार्ड बनवाने के लिए



वैध पहचान पत्र और जन्म प्रमाण पत्र ही काफी थे।

करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए सीबीडीटी ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा भी बढ़ा दी है। नई समयसीमा 15 सितंबर है, जिससे वेतनभोगियों को मूल 31 जुलाई की कट-ऑफ से 46 दिन अतिरिक्त मिलेंगे। हालांकि, कर विशेषज्ञ आयकर पोर्टल पर अंतिम समय में तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए प्रक्रिया जल्दी शुरू करने की सलाह देते रहते हैं। इस बीच, एसबीआई कार्ड ने घोषणा की है कि वह 15 जुलाई से चुनिंदा प्रीमियम क्रेडिट कार्ड पर अपने कॉम्प्लीमेंट्री एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस को वापस ले लेगा। एसबीआई कार्ड एलीट, माइल्स एलीट और माइल्स प्राइम जैसे कार्ड अब 1 करोड़ रुपये का कवर नहीं देंगे। एसबीआई कार्ड प्राइम और पल्स पर 50 लाख रुपये का बीमा लाभ भी बंद कर दिया जाएगा। एसबीआई कार्ड क्रेडिट कार्ड पर न्यूनतम देय राशि (एमएडी) की गणना करने के तरीके में भी बदलाव कर रहा है। 15 जुलाई से, एमएडी में अब कुल जीएसटी, ईएमआई राशि, सभी शुल्क और वित्त शुल्क, बकाया राशि का 2 प्रतिशत और कोई भी ओवरलिमिट राशि शामिल होगी।

## जनवरी-मार्च तिमाही में भारत का चालू खाता अधिशेष 13.5 बिलियन डॉलर रहा

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 (जनवरी-मार्च) की चौथी तिमाही में 13.5 बिलियन डॉलर का चालू खाता अधिशेष दर्ज किया, जो सकल घरेलू उत्पाद का 1.3 प्रतिशत है।

इस मजबूत प्रदर्शन ने 2024-25 की पिछली तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 11.3 बिलियन डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) के चालू खाता घाटे को उलट दिया है। यह पिछले साल की इसी तिमाही में 4.6 बिलियन डॉलर (जीडीपी का 0.5 प्रतिशत) के अधिशेष से दो गुना से अधिक की वृद्धि को भी दर्शाता है।

आरबीआई ने कहा कि पूरे वर्ष 2024-25 के लिए भारत का चालू खाता घाटा 23.3 बिलियन डॉलर (जीडीपी का 0.6 प्रतिशत) रहा, जो 2023-24 के दौरान 26 बिलियन डॉलर (जीडीपी का 0.7 प्रतिशत) से कम था। सेवाओं और व्यक्तिगत हस्तांतरण के कारण 2024-25 के दौरान शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां एक साल पहले की तुलना में अधिक थीं। आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि जबकि माल निर्यात में नरमी आई, चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में अधिशेष मजबूत सेवा निर्यात और प्राथमिक आय खाते पर कम शुद्ध व्यय के कारण था।

## भारत ने किया पेट्रोल मिश्रण अभियान को बढ़ावा देने इथेनॉल उत्पादन के लिए अतिरिक्त चावल आवंटित

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसी)।** खाद्य मंत्रालय ने इथेनॉल उत्पादन बढ़ाने के लिए चावल का आवंटन बढ़ाकर 5.2 मिलियन टन कर दिया है, एफसीआई के पास अतिरिक्त स्टॉक के कारण यह आवंटन बढ़ाया गया है, ताकि देश के पेट्रोल मिश्रण लक्ष्य को पूरा करने और तेल आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सके। इस कदम से शराब बनाने के लिए गन्ने का इस्तेमाल करने की जरूरत कम हो जाएगी, जिससे चीनी उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और चीनी की कीमतों को नियंत्रण में रखा जा सकेगा। फिलहाल, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास करीब 60 मिलियन टन चावल और धान का स्टॉक है, जो 13.5 मिलियन टन की बफर जरूरत से कहीं ज्यादा है। एक वरिष्ठ अधिकारी




ने कहा कि अतिरिक्त स्टॉक के कारण भंडारण की समस्या भी पैदा होती है और जगह की कमी के कारण एफसीआई को अगले सीजन के लिए फसल खरीदना मुश्किल हो जाता है। अनाज आधारित इथेनॉल निर्माता मुख्य रूप से मक्का को इनपुट के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे, और इससे मक्का की कीमतों में उछाल आया, जिसका पोल्ट्री किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, क्योंकि मक्का का उपयोग मुर्गियों के लिए फीडस्टॉक के रूप में किया जाता है।

## एक नजर

### रायपुर में 77 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर

**रायपुर, 29 जून।** रायपुर में 15 सब इंस्पेक्टर और 62 स्टॉफ की जिम्मेदारी में बदलाव हुआ है। इनमें से कई लोगों के थाने बदले गए हैं, वहीं कई पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच किया गया है। यह आदेश रायपुर एसपी डॉक्टर लाल उमेद सिंह ने जारी किया है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 29 जून।** ग्राम टेमरी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर माना कैंप पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया निलिमा पाण्डेय 27 वर्ष ग्राम टेमरी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नककदी 10 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 71 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर माना कैंप पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कृषि फार्म हाऊस से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 29 जून।** शक्तिनाला कृषि फार्म हाऊस से अज्ञात चोर ने नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार साहू 45 वर्ष ग्राम बरगुड़ी का रहने वाला है। प्रार्थी का शक्तिनाला कृषि फार्म हाऊस है, जहां अज्ञात चोर ने प्रवेश कर कुंए में लगे दो नग ओपन वेल, 5 एचपी ओपन वेल, सबमर्सिबल पंप, 620 फीट केबल वायर, गैस सिलेण्डर, प्रेस आयरन, 4 नग नल टोटी व गुल्लक में रखे नकदी 3 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कलेक्ट्रेट परिसर के पास खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 29 जून।** कलेक्ट्रेट परिसर के सामने खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी माया यादव गंगा विहार कालोनी अमलीडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलजे 8240 को कलेक्ट्रेट गार्डन परिसर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### चाकू लेकर आतंक फैलाते दो युवक पकड़ाए

**रायपुर, 29 जून।** अभनपुर पुलिस ने चाकू लहराते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राजिम रोड कठिया मोड़ के पास दबिश देकर चाकू लहराते आरोपी नागेश साहू 26 वर्ष व नीलकंठ साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### नशीली टेबलेट व सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 29 जून।** गंज पुलिस ने तेलघानी नाका चौक के पास नशीली टेबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 57 हजार से अधिक के नशीली दवाई जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तेलघानी नाका चौक के पास दबिश देकर शेख सरफराज खान 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2880 नग स्पासमो टेबलेट और 1890 नग नाइट्रोटेन टेबलेट जब्त किया है। वहीं विनसे टेक्स नशीली कफ सिरप 23 नग जब्त किया है। नशीली दवाई व सिरप की कीमत करीब 57816 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# बिजली बिल में बढ़ोतरी का मसौदा तैयार

## प्रति यूनिट 20 पैसे की बढ़ोत्तरी करेगी सरकार




**रायपुर, 29 जून।** लोगों को एक बार फिर बिजली का झटका लगने वाला है। बिजली कंपनी ने अपना घाटा कम करने के लिए बिजली बिल में प्रति यूनिट 20 पैसे की बढ़ोत्तरी का मसौदा तैयार किया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण विभाग घाटा कम करने के लिए जल्द ही नई दरें लागू कर सकती है, नया टैरिफ 1 जुलाई से लागू हो सकता है। इसके बाद विद्युत उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ेगा, हालांकि विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल अधिकृत आदेश जारी नहीं हुआ है। विद्युत नियामक द्वारा आयोजित जनसुनवाई के बाद ही नई दरें लागू की जा सकती है। दरअसल सीएसपीडीसीएल ने विद्युत नियामक आयोग को 4 हजार 550 करोड़ रुपए के घाटे की जानकारी दी है। सीएसपीडीसीएल ने इस घाटे को कवर करने के लिए 20 पैसे प्रति यूनिट तक बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा है। सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं के लिए विद्युत विभाग कई स्लैब में बिजली बिल की गणना करता है। पहला स्लैब शून्य से 100 यूनिट से शुरू होता है और अंतिम स्लैब 601 यूनिट से अधिक का स्लैब है। हर स्लैब के लिए प्रति यूनिट की दर अलग-अलग है। स्लैब की गणना अलग-अलग की जाती है और फिर बिजली बिल तैयार किया जाता है। वर्तमान प्रस्ताव सभी स्लैब में दरों में बिल की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। बिल में बढ़ोतरी का प्रस्ताव विद्युत वितरण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष टैरिफ में संशोधन का विधेयक पास किया जाता है और इसे विद्युत नियामक आयोग को भेजा जाता है। नियामक आयोग द्वारा ही अंतिम औपचारिकता पूरी की जाती है, जनसुनवाई का भी आयोजन होता है, इसके बाद ही नई दरों को लागू किया जाता है। पिछले वर्ष जून 2024 में भी दरों में बढ़ोतरी की गई थी।

# सूदखोर तोमर भाइयों को गिरफ्तार करवाने वाले को मिलेगा इनाम

**पुलिस बोली- गंभीर अपराध कर सकते हैं, बेधड़क घूमना**

**रायपुर, 29 जून।** सूदखोर तोमर भाइयों को गिरफ्तार करवाने वालों को रायपुर पुलिस इनाम देगी। पुलिस ने इसके लिए ?5000 इनाम की घोषणा की है। पुलिस का कहना है कि दोनों भाइयों का बेधड़क होकर घूमना समाज के लिए खतरनाक है। वो भविष्य में कोई भी गंभीर अपराध कर सकते हैं। यह घोषणा रायपुर स्स्क डॉक्टर लाल उमेद सिंह ने की है। पुलिस की 2 से 3 टीमें भी उत्तरप्रदेश और राजस्थान में आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। हालांकि, उनके खिलाफ अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। दोनों आरोपियों ने अपना फोन भी बंद करके रखा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और छत्तीसगढ़ ऋण संरक्षण एक्ट के तहत एक्शन लिया है।

**अब तक महिला समेत 4 आरोपी हुए गिरफ्तार**:पुलिस ने बताया कि, विस्टो फाइनेंस के नाम से ग्रुप बनाकर वसूली की जाती थी। वसूली मैनेजर बंटी सहारे ग्रुप को संचालित कर पूरे हिसाब का लेखा-जोखा रखता था। पुलिस ने तोमर ब्रदर्स से जुड़े मामले में अब तक एक महिला समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, वीरेंद्र और रोहित तोमर फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।



### तोमर ब्रदर्स की जमानत निरस्त करने कोर्ट को लिखा लेटर

वहीं, सीएसपी पुरानी बस्ती राजेश देवांगन ने बताया कि तोमर ब्रदर्स के घर में छापेमारी में जब्त कैश, दस्तावेज और हथियार के बाद जिला पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में निगम और आयकर विभाग को भी लेटर लिखा गया है। साथ ही तोमर ब्रदर्स से जुड़े पूर्व के मामलों में कोर्ट को लेटर लिखा गया है, जिससे उन्हें जमानत न मिल सके। उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जा रही है, जिससे उनकी जितनी भी जमानत हो उसे निरस्त कराया जाए।

### 2 साल से वसूली मैनेजर कर रहा था काम




पुलिस को पूछताछ में मैनेजर बंटी सहारे ने बताया कि, वो पिछले 2 साल से रोहित तोमर, वीरेंद्र तोमर और दिव्यांश के कहने पर ब्याज वसूली मैनेजर का काम कर रहा था। उसने वसूली के लिए वॉट्सऐप पर विस्टो फाइनेंस के नाम से ग्रुप बनाया है। जिसमें ब्याज की वसूली का हिसाब रखता है और उसे ऑपरेट करता था। जो व्यक्ति ब्याज नहीं देता था, उसको तोमर ब्रदर्स धमकी देते थे। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम ने वसूलीबाज बंटी सहारे (36) निवासी झंडा चौक शिवनगर चांगोरभाठा और जितेंद्र देवांगन उर्फ मोनू (24) निवासी शीतला पारा सिमगा को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से एक फोन जब्त किया गया है।

### निजी स्कूलों के लिए गाइडलाइन, अब नहीं पढ़ा पाएंगे प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें

**रायपुर, 29 जून।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में जिला शिक्षा अधिकारी ने निजी स्कूलों के लिए गाइड लाइन जारी की है। वहीं निजी स्कूल अब प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें नहीं पढ़ाएंगे। जारी गाइड लाइन के मुताबिक, रायपुर के निजी स्कूल के पास जिस बोर्ड की मान्यता है उसी बोर्ड की किताबें पढ़ाना अनिवार्य कर दिया गया है। स्टेट बोर्ड के लिए एससीईआरटी और सीबीएसई की किताबें अनिवार्य कर दी गई है, जबकि आईसीएसई बोर्ड के लिए एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्य की गई है। आदेश के मुताबिक, अब सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों को केवल एनसीईआरटी की किताबों से ही पढ़ाई करानी होगी, जबकि छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों को पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा निर्धारित एससीईआरटी और सीबीएसई की किताबें पढ़ानी होंगी। बता दें कि आदेश में 8 बिन्दुओं के निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं इस आदेश का उल्लंघन करने यानी आदेश का पालन नहीं करने पर शिक्षा के अधिकार 2009 के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेश में ये भी कहा गया है कि निजी स्कूल यूनिफॉर्म से जुड़े किसी भी वस्तु जैसे जूते, मोजे, बैग, टाई, बेल्ट, नोटबुक आदि की बिक्री परिसर में नहीं कर सकेंगे और न ही किसी खास दुकान से खरीदने के लिए बाध्य किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप



3 बैक टू बैक ब्लॉकबस्टर, 3524 करोड़ की कमाई, अब खुद के दम पर इतिहास रचेंगी रश्मिका मंदाना

### बूढ़ातालाब में नवजात की मिली लाश जन्म के बाद फेंकने की आशंका



**रायपुर, 29 जून।** बूढ़ा तालाब में एक नवजात की लाश मिली है। पुलिस को आशंका है कि जन्म के बाद नवजात को पानी में फेंक दिया गया। हालांकि नवजात कितने दिन का है, यह पोस्टमॉर्टम के बाद ही साफ हो पाएगा। बताया जा रहा है कि, आसपास घूम रहे लोगों की लाश पर नजर पड़ी। यह पूरा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी योगेश कश्यप से मिली जानकारी के मुताबिक, नवजात की बॉडी चांदनी चौक के तरफ बूढ़ा तालाब में मिली है। आसपास टहल रहे कुछ लोगों ने लाश को देखा तो पुलिस को सूचना दी। बॉडी को मछलियों ने नुकसान नहीं पहुंचाया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से उस व्यक्ति की तलाश करेगी जिसे वारदात की है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से उस व्यक्ति की तलाश करेगी जिसे वारदात की है। जिससे पुलिस को आशंका है कि लाश करीब 24 घंटे पहले ही फेंकी गई है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से उस व्यक्ति की तलाश करेगी जिसने वारदात की है। नवजात की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया जा रहा है।

**आसपास घूम रहे लोगों की पड़ी नजर**

### ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रख नई सड़क व फ्लाईओवर योजनाओं पर मंथन



**रायपुर, 29 जून।** राजधानी रायपुर में बढ़ती आबादी और भविष्य के ट्रैफिक्र दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों का दौरा कर संभावित विकास स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मठपुरैना, भाटागांव, उरकुरा, एक्सप्रेस-वे सहित अन्य महत्वपूर्ण इलाकों में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण, नए एक्सप्रेस वे, फ्लाईओवर और रेलवे अंडरब्रिज/ओवरब्रिज की संभावनाओं का गहन अवलोकन किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि, आने वाले 4 से 5 वर्षों में रायपुर की जनसंख्या और ट्रैफिक्र में वृद्धि होगी। इस चुनौती का सामना करने के लिए अभी से रणनीतिक तैयारी की जा रही है। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि शहर में यातायात सुगमता हेतु नई सड़कों का निर्माण, एक्सप्रेस वे और फ्लाईओवर की योजना बनाना आवश्यक है। इस दौरान पहले से प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन, एडीएम देवेंद्र पटेल, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर सहित पुलिस, रेलवे और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

**कलेक्टर और एसएसपी ने किया शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण**

### करोड़ों की ठगी करने वाले 3 शातिर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर, 29 जून।** छत्ती सगढ़ की रायपुर पुलिस ने सैकड़ों करोड़ की ठगी करने वाले मुख्य सरगना समेत 3 ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी 2019 में ओला, उबर की तर्ज पर बाइक बोट स्कीम के नाम पर लोगों को चूना लगाकर फरार थे। दरअसल, आरोपियों ने मेसर्स गर्विट इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड कंपनी के नाम से 2017 में बाइक बोट स्कीम चलाई थी। यह स्कीम आरोपियों ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, हिमांचल प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश समेत कई राज्यों में शुरू की थी। इसके डायरेक्टर व मालिक संजय भाटीख् सचिन भाटी व अन्य लोग थे। आरोपियों ने स्कीम के नाम पर प्रति बाइक में 62,100 रूपये लोगों जमा करवाये और उन्हें इसके बदले में हर माह 9,765 रूपये देने का झांसा दिया गया। रायपुर से भी कई लोगों ने लाभ कमाने के लालच में रूपये जमा किये थे। शुरू में तो कुछ महीने उन्हें किस्त के रूप में 9,765 रूपये मिले, फिर धीरे-धीरे रूपये मिलना बंद हो गया।आरोपियों ने ऐसे ही कई लोगों को झांसा देकर कंपनी बंद कर फरार हो गये। रायपुर के पीड़ितों ने इसकी शिकायत 2019 में सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार थे, जिन्हें पुलिस तलाश कर रही थी। एसएसपी लाल उमेद सिंह ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम बनाई। टीम ने सायबर सेल की मदद से आरोपियों के लोकेशन का पता लगाया और उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर रवाना हुई। रायपुर पुलिस ने यूपी में कैंप कर आरोपी संजय भाटी, राजेश भारतद्वाज, करणलाल सिंह को पकड़ा गया

### खाद की कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्रवाई, किसानों को मांग के अनुरूप मिले

**रायपुर, 29 जून।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि रासायनिक खाद की कालाबाजारी बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसे गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों व केन्द्र संचालकों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाए। सहकारिता मंत्री ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डीएपी खाद की कमी को देखते हुए प्रदेश में डीएपी खाद की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पा रही है तो डीएपी के वैकल्पिक खादों के प्रति किसानों को जागरूक करें और जो वैकल्पिक खाद उपलब्ध है किसानों को दिया जाए। उन्होंने बैठक में कहा, किसानों को सहुलियतें प्रदान करना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है।

सहकारिता मंत्री कश्यप ने कहा कि रासायनिक खाद की कालाबाजारी बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसे गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों व केन्द्र संचालकों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में 2058 सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का भण्डारण हो और किसानों की मांग के अनुरूप खाद मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नैनो यूरिया, नैनी डीएपी के छिड़काव के प्रति भी किसानों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# मुख्यमंत्री साय से केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने की सौजन्य मुलाकात

**नक्सल क्षेत्रों में 159 आंगनबाड़ी केंद्र, 70 लाख महिलाओं को 10,431 करोड़ सशक्तिकरण की नई मिसाल**



**रायपुर 29 जून।** मुख्यमंत्री साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास मती सावित्री ठाकुर ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने मती ठाकुर के साथ प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के संकल्प के तहत विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित बीजापुर, सुकमा, कांकेर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों में नियद नेल्लानार योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 159 आंगनबाड़ी केंद्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। यह पहल उन दुर्गम क्षेत्रों में शासन की योजनाओं को सीधे अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री साय ने यह भी अवगत कराया कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत मार्च 2024 से जून 2025 की अवधि में 70 लाख से अधिक महिलाओं को 10,431.30 करोड़ की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है।

# रायपुर में झमाझम बारिश, 33 जिलों में यलो अलर्ट

**सूरजपुर-बलरामपुर में गरज-चमक के साथ बरसेगा पानी, बिलासपुर**



**रायपुर, 29 जून।** रायपुर में देर रात से सुबह तक रुक-रुककर तेज बारिश हो रही है। सुबह से घने बादल छाए हुए हैं। बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 5 दिन छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। सूरजपुर और बलरामपुर-रामानुजग

छत्तीसगढ़ में मानसून का ग्राफ लगातार बढ़-घट रहा है। शुक्रवार को 24 से अधिक जिलों के 69 स्थानों पर बारिश हुई। औसतन बारिश 25.51 मिमी दर्ज की गई। तापमान की बात करें तो शुक्रवार को 31.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दुर्ग सबसे गर्म रहा। वहीं 22.2 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ पेण्ड्रा सबसे ठंडा रहा।

**सामान्य से 24प्रतिशत कम बरसा पानी, बलरामपुर में सबसे ज्यादा**-1 जून से 27 जून तक प्रदेश में 122.2 MM बारिश हो चुकी है। जून में इस समय तक 160.9 MM बारिश रिकॉर्ड की जाती है। इस लिहाज से अब तक बारिश लगभग 24त्न कम हुई है। सबसे ज्यादा बारिश बलरामपुर में हुई है। यहां सामान्य से लगभग 115.5त्न प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। दरअसल जिले में जून में अब तक 245.7 स्स्रूपानी बरस चुका है। जबकि सामान्य तौर पर 114 स्स्रूपानी ही गिरता है।

**19 जिलों में कम बारिश हुई, राजनांदगांव में कम बरसा पानी**-सबसे कम बारिश राजनांदगांव और सुकमा में हुई है। यहां सामान्य से लगभग 80त्न कम बारिश दर्ज की गई है। जिले में अब तक 31.8 MM पानी बरसा है। जबकि इस महीने सामान्य तौर पर अब तक 159.9 मिमी पानी बरस जाना चाहिए था। वहीं सुकमा में लगभग 69प्रतिशत कम बारिश हुई है। जिले में अब तक 69 MM पानी बरसा है। जबकि इस महीने सामान्य तौर पर अब तक 181 पानी बरस जाना चाहिए था। प्रदेश के आंकड़ों पर ओवरऑल बात करें तो एक जिले में सामान्य से बहुत अधिक पानी गिरा है। तीन जिलों में सामान्य से अधिक पानी गिरा है। आठ जिलों में सामान्य पानी गिरा है। 19 जिलों में नॉर्मल से कम पानी बरसा है। दो जिलों में सामान्य से बहुत कम बारिश हुई है। पिछले एक सप्ताह 25 जून तक की बात करें तो प्रदेश में 59.9 MM बारिश हुई है। नॉर्मल कंडीशन में 19 जून से लेकर 25 जून तक 66.6 MM बारिश प्रदेश में होनी चाहिए। यानी आखिरी 7 दिन में सिर्फ 10त्न ही कम बारिश हुई है।



### मई में 374 फीसदी ज्यादा बारिश हुई थी

पिछले माह लगातार बने सिस्टम और करीब 14 दिन पहले आए मानसून ने पूरे छत्तीसगढ़ में मई महीने में जमकर बारिश कराई। इस दौरान औसत से 373 फीसदी ज्यादा पानी गिर गया। इसके बाद से मानसून पिछले करीब 12 दिनों से ठहरा है। यह आगे ही नहीं बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ में 22 मई से 28 मई के बीच 53.51 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। प्रदेश में मानसून में औसतन 1200 मिलीमीटर पानी बरसता है। पिछले साल 1276.3 पानी गिरा था।

### पिछले साल के मुकाबले तापमान कम

हालांकि इस बार की स्थित पिछले साल के मुकाबले बेहतर है। साल 2024 में जून का अधिकतम तापमान 45.7°C था, जो 1 जून को दर्ज किया गया था। जबकि इस साल अधिकतम तापमान अब तक 42 से 43एष्ट के आस-पास ही रहा है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.5°C 19 जून को रिकॉर्ड किया गया था। पिछले साल जून में पूरे महीने के औसत तापमान की बात करें तो 38.6°C रहा था। वहीं न्यूनतम औसतन तापमान 27.7°C दर्ज किया गया था।

### लंबा रह सकता है मानसून

मानसून के केरल पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून है। इस साल 8 दिन पहले यानी 24 मई को ही केरल पहुंच गया था। मानसून के लौटने की सामान्य तारीख 15 अक्टूबर है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26